वर्ष : 33 ▸ अंक : 295 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, शुक्रवार, 10 जनवरी 2025 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल



# DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



P8 कांग्रेस में नए सिरे से पनप रहा जी-23 ग्रुप?

P7 उद्योगपति सुब्रमण्यम पर फूटा दीपिका पादुकोण का गुस्सा

## किसान कर्जमाफी पर वादे अधूरे

# कर्जमाफी के इंतजार में 6.50 लाख किसान

### छत्रपति शिवाजी महाराज शेतकरी सम्मान योजना ठंडे बस्ते में

**सीएम देवेंद्र फडणवीस से किसानों को उम्मीदें**



**5,975 करोड़ रुपये का बकाया**

योजना के तहत 50 लाख 60 हजार किसानों का कुल 24,737 करोड़ रुपये का कर्ज माफ होना था। इनमें से 44 लाख 4 हजार किसानों को 18,762 करोड़ रुपये का लाभ मिला। लेकिन सात वर्षों से 6.56 लाख किसान 5,975 करोड़ रुपये की कर्जमाफी के इंतजार में हैं।

डीबीडी संवाददाता । नागपुर

महाराष्ट्र की बीते कुछ वर्षों की राजनीतिक उथल-पुथल ने राज्य का सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य बदल दिया है। सरकारें बनती और गिरती रहीं, लेकिन असल विकास नदारद रहा। पिछले सात वर्षों में देवेंद्र फडणवीस ने मुख्यमंत्री से उपमुख्यमंत्री तक का सफर तय किया, लेकिन जिन किसानों पर देश का भरण-पोषण निर्भर है, उनकी हालत जस की तस बनी हुई है। 2017 में तत्कालीन सरकार ने छत्रपति शिवाजी महाराज शेतकरी सम्मान योजना का ऐलान किया था, जिसमें किसानों के 2.5 लाख रुपये तक के कर्ज माफ करने और अतिरिक्त 50 हजार रुपये तक की प्रोत्साहन राशि देने का वादा किया गया था। इसके अलावा, किसानों को सहूलियत के तहत 2.5 लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराने की बात भी शामिल थी। परंतु, यह योजना अब तक अधूरी है और किसान इसका इंतजार कर रहे हैं। देवेंद्र फडणवीस, उद्धव ठाकरे और फिर एकनाथ शिंदे के मुख्यमंत्री बनने के बावजूद इस योजना के तहत 6.50 लाख पात्र किसान अब तक लाभ से वंचित हैं। योजना के अंतर्गत देय 5,900 करोड़ रुपये की राशि पिछले सात वर्षों में मंत्रियों, विपक्षी नेताओं और अधिकारियों के बीच चर्चा का विषय तो बनी, लेकिन किसानों की अनदेखी से साफ है कि न तो सरकार और न ही विपक्ष इस पर गंभीर है।

**कर्जमाफी पोर्टल हुआ बंद**

2019 में सरकार बदलने के बाद कर्जमाफी पोर्टल बंद कर दिया गया, जिससे लाखों किसान योजना के लाभ से वंचित रह गए। इस दौरान किसान अशोक घाटे ने पोर्टल की पुनर्स्थापना के लिए लगातार पैरवी की, लेकिन सॉफ्टवेयर की समस्याएं हल नहीं हुईं।

**शिंदे का अधूरा वादा**

पिछले वर्ष नागपुर अधिवेशन में तत्कालीन मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने वादा किया था कि 6.50 लाख किसानों को ऋणमाफी का लाभ तुरंत दिया जाएगा। लेकिन यह वादा अब तक कागजों में ही अटका है।

**कोर्ट जाने वाले किसानों को मिला लाभ**

तीन साल पहले, कुछ किसानों ने कोर्ट का रुख किया। कोर्ट ने सरकार को आदेश दिया कि पात्र किसानों को लाभ दिया जाए। इसके बाद भी देरी होने पर अवमानना याचिका दायर की गई। हालांकि, कुछ किसानों को लाभ मिला, लेकिन अन्य अभी भी प्रतीक्षा में हैं।

**बैठकें बेनतीजा**

15 मार्च 2024 को किसानों और अधिकारियों के बीच बैठक में सहकारिता सचिव ने ऑनलाइन और ऑफलाइन डेटा के आधार पर ऋणमाफी की व्यवस्था का वादा किया। हालांकि, नौ महीने बीत जाने के बावजूद यह प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ी।

## महाराष्ट्र की राजनीति में सब कुछ गड्डमड्ड है

# राम ही जाने 'महाराष्ट्र' की सियासत

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र की राजनीति में इन दिनों सब कुछ गड्डमड्ड है। शरद पवार, जो हमेशा अपनी स्पष्टता और दूरदर्शिता के लिए जाने जाते हैं, आज संघ की तारीफ कर रहे हैं। मुंबई में पार्टी की दो दिवसीय बैठक में पवार ने संघ परिवार के काम की समीक्षा की। उन्होंने कहा, आरएसएस का काम करने का तरीका अनोखा है। उन्होंने विधानसभा चुनाव में महायुति की जीत के लिए आरएसएस को श्रेय दिया। पवार ने कहा- चुनाव में आरएसएस के कार्यकर्ताओं ने वोटरों से सीधे संवाद किया, जिसका परिणाम चुनावी रिजल्ट के रूप में आया।



**उद्धव-फडणवीस की बढ़ी नजदीकियां**

इस विधानसभा चुनाव इतने नंबर्स भी नहीं आये कि कोई एक दल अपना विरोधी पक्ष का नेता बना ले। अब तक नेता प्रतिपक्ष विधानसभा और विधानपरिषद में चुना नहीं गया है। इन दोनों पदों पर शिवसेना यूबीटी और कांग्रेस दोनों दल दावा कर रहे हैं। शायद यही कारण है कि यूबीटी नेता आदित्य ठाकरे बार-बार सीएम देवेंद्र फडणवीस को मिल रहे हैं। पिछले दिनों उद्धव ठाकरे के मुखपत्र सामना में भी देवेंद्र फडणवीस की जमकर तारीफ की गई थी। खबरें हैं कि उद्धव की फडणवीस से नजदीकियां बढ़ने लगी है।

**शरद और अजित क्या आ रहे हैं पास?**

दिल्ली चुनाव में किसे समर्थन देना है। इस पर भी यूबीटी में एकमत नहीं है। जमकर खिचड़ी वाले बयान परोसे जा रहे हैं। मतदाता कंफ्यूज है कि आखिर कहना क्या चाहते हो? यूबीटी नेता आदित्य ठाकरे और प्रियंका चतुर्वेदी कह रही हैं कि दिल्ली में केजरीवाल ही सही है, जबकि उन्ही के पार्टी के दो अन्य नेता कह रहे हैं दिल्ली में कोंग्रेस को समर्थन देना है या आप को इस पर निर्णय नहीं हुआ है आखिरी निर्णय उद्धव ठाकरे ही लेंगे।

**संजय राउत ने भी की आरएसएस की तारीफ**

उद्धव ठाकरे गुट के शिवसेना सांसद संजय राउत ने भी आरएसएस की तारीफ की है। उन्होंने कहा, जो अच्छा काम करता है, उसकी तारीफ की जानी चाहिए। संघ कार्यकर्ताओं की मेहनत है कि बीजेपी को इतनी बड़ी जीत मिली है।

## कार्ति चिदंबरम की बढ़ी मुश्किलें



**सीबीआई ने दर्ज किया नया केस**

एजेंसी । नई दिल्ली

सीबीआई ने पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम के बेटे और कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम के खिलाफ भ्रष्टाचार का नया मामला दर्ज किया है। सीबीआई के वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी जानकारी दी है। बता दें कि मंगलवार को सीबीआई ने कथित विदेशी धन प्रेषण से संबंधित एक मामले के सिलसिले में कार्ति पी चिदंबरम से जुड़े नौ परिसरों और कार्यालयों में तलाशी ली थी। उस छापेमारी के दो दिनों के बाद अब उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले में नया केस दर्ज किया है।

## HMPV के देश में 11 केस

- आज 2 मामले मिले
- गुजरात में 8 साल का बच्चा और UP में 60 साल की महिला पॉजिटिव



एजेंसी । नई दिल्ली

कोरोना वायरस जैसे ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (HMPV) के गुरुवार को 2 केस मिले हैं। पहला मामला उत्तर प्रदेश का है। लखनऊ में 60 साल की महिला पॉजिटिव पाई गई है।

बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डॉ. सुशील चौधरी ने दैनिक भास्कर से इसकी पुष्टि की। वहीं, गुजरात के हिम्मतनगर में 7 साल के एक बच्चे की HMPV रिपोर्ट पॉजीटिव आई है। हालांकि, यह रिपोर्ट प्राइवेट अस्पतला की लैब की है। सरकारी रिपोर्ट शाम तक आएगी। देश में वायरस से जुड़े कुल 11 मामले हो गए हैं। महाराष्ट्र में 3, गुजरात, कर्नाटक और तमिलनाडु में 2-2, पश्चिम बंगाल और यूपी में एक-एक केस सामने आए हैं।

**राज्यों ने सतर्कता बढ़ाई**

HMPV केस सामने आने के बाद राज्यों ने भी सतर्कता बढ़ा दी है। पंजाब में बुजुर्गों और बच्चों को मास्क पहनने की सलाह दी गई है। इधर गुजरात में अस्पतालों में आइसोलेशन वार्ड बनाए जा रहे हैं। हरियाणा में भी स्वास्थ्य विभाग को HMPV केसेस पर निगरानी रखने के आदेश दिए गए हैं।

## महाविकास अघाड़ी को लगा झटका

### हाईकोर्ट ने विधायकों की नियुक्ति के खिलाफ दायर याचिका की खारिज



डीबीडी संवाददाता । मुंबई

राज्यपाल द्वारा नियुक्त 12 विधायकों के मामले में गुरुवार को महाविकास अघाड़ी को बड़ा झटका लगा। इस मामले पर बॉम्बे हाई कोर्ट में दायर याचिका खारिज हो गई है। इससे महाविकास अघाड़ी को झटका लगा है। यह याचिका शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे के कोल्हापुर शहर अध्यक्ष सुनील मोदी ने दायर की थी। इस बीच, सुनील मोदी ने कहा है कि वह हाई कोर्ट के इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगे।



**विधायकों की नियुक्ति का करेंगे विरोध**

सुनील मोदी ने कहा कि हम नई महायुति में इन सभी राज्यपाल नियुक्त विधायकों की नियुक्ति पर आपत्ति जताएंगे। इस बीच, राज्यपाल द्वारा नियुक्त विधायकों का मुद्दा महाविकास अघाड़ी सरकार के समय से ही लंबित हैय उस समय तत्कालीन राज्यपाल ने उस नियुक्ति की अनुमति नहीं दी थी।

**फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती**

याचिका न्यायमूर्ति बोरकर और न्यायमूर्ति उपाध्याय की पीठ के समक्ष दायर की गई थी। इसके खारिज होने के बाद याचिकाकर्ता सुनील मोदी ने कहा कि वह इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देंगे। उन्होंने कहा, क्या घटना के आधार पर याचिका खारिज की गयी है? हमें इसकी जांच करनी होगी। इस याचिका पर सुनवाई के दौरान हमने कई राज्यों के साक्ष्य दाखिल किये थे। लेकिन लगता है कोर्ट ने इस पर विचार नहीं किया।

**सुनील मोदी ने बीजेपी पर लगाया आरोप**

न्यायिक प्रक्रिया में भाजपाइयों का हस्तक्षेप बढ़ गया है। सुनील मोदी ने बीजेपी पर आरोप लगाया कि हमें लगता है कि इस मामले में बीजेपी के कुछ लोगों का भी हाथ है। हम हाई कोर्ट के इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जा रहे हैं।' इस नतीजे से महागठबंधन द्वारा दिए गए सात नए विधायकों की नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। महायुति ने पहले ही सात लोगों के नाम राज्यपाल को भेज दिये हैं। उम्मीद है कि महायुति की ओर से पांच और नामों की भी घोषणा की जायेगी।

## फेमस प्लेबैक सिंगर पी. जयचंद्रन का निधन

एजेंसी । कोच्चि



मलयालम सिनेमा के लीजेंड्री प्लेबैक सिंगर पी जयचंद्रन का निधन हो गया। 9 जनवरी को उन्होंने 80 वर्ष की उम्र में आखिरी सांस ली। त्रिशूर के एक प्राइवेट अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। छह दशक से अधिक के करियर में जयचंद्रन ने 16,000 से अधिक गीत गाए और अपनी आवाज से भारतीय सिनेमा और भक्ति संगीत को अमर कर दिया। अपने करियर में पी जयचंद्रन ने राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार, पांच केरल राज्य फिल्म पुरस्कार, चार तमिलनाडु राज्य फिल्म पुरस्कार, केरल सरकार से जेसी डैनियल पुरस्कार और तमिलनाडु सरकार से कलाईमामणि पुरस्कार जैसे अनेक प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त किए।

## मनोज जरांगे की बढ़ीं मुश्किलें!

- धनंजय मुंडे पर अपमानजनक टिप्पणी मामले में केस दर्ज



डीबीडी संवाददाता । मुंबई/लातूर

महाराष्ट्र पुलिस ने मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी के आरोप में मामला दर्ज किया है। पुलिस ने लातूर जिले की अहमदपुर तालुका के किंनगांव थाने में यह मामला दर्ज किया है। मनोज जरांगे पर आरोप है कि उन्होंने एक सार्वजनिक रैली के दौरान राज्य के मंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) नेता धनंजय मुंडे और उनके समुदाय के खिलाफ विवादित टिप्पणी की थी। सहायक पुलिस निरीक्षक साहेबराव खंदारे ने बताया कि मंत्री के समर्थक किशोर मुंडे द्वारा यह शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत के अनुसार, जरांगे ने 4 जनवरी को परभणी में आयोजित एक सार्वजनिक रैली के दौरान धनंजय मुंडे और वंजारी समुदाय के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की जिससे समुदाय के लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। मनोज जरांगे के खिलाफ मंगलवार को मामला दर्ज किया गया। सहायक पुलिस निरीक्षक साहेबराव खंदारे ने कहा, 'शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धाराओं के तहत गैर-संज्ञेय अपराध की धारा 352 (जानबूझकर अपमान), 351 (2), (3) (आपराधिक धमकी) और धारा 3 (5) (साझा इरादा) के तहत किंनगांव थाने में मामला दर्ज किया गया है।' परभणी में चार जनवरी को एक सर्वदलीय विरोध रैली आयोजित की गई थी। इस बैठक में हिस्सा लेने वालों ने बीड जिले के मसाजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के मामले की जांच में तेजी लाने और बिना किसी राजनीतिक दबाव के इसकी गहन जांच करने की मांग की थी।

**सिनेमा की विरासत का अंत**

# जमींदोज हुआ चंदन टॉकीज

### रुपहले पर्दे की कहानी दिखाने वाले चंदन टॉकीज की खत्म हुई कहानी

**1974 में राज कपूर की फिल्म बॉबी के भव्य प्रीमियर से हुई थी चंदन टॉकीज की शुरुआत**

**2019 में केसरी फिल्म के साथ बंद हो गया**




**खो गई विरासत**

2017 में इसे आर्थिक दबाव और मल्टीप्लेक्स के बढ़ते क्रेज के चलते बंद कर दिया गया था। पांच साल तक वीरान पड़ा यह थिएटर अब इतिहास बन गया। धूल और मलबे के ढेर के बीच चंदन टॉकीज की यादें वहां मौजूद हर शख्स की आंखों में झलक रही थीं। मुंबईकर आज भी इसे नॉस्टैल्जिया के रूप में याद करते हैं। ध्वस्त किए गए इस सिनेमा हॉल की जगह अब एक भव्य कमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनेगा, लेकिन सिंगल स्क्रीन का वो आकर्षण और प्यार शायद ही लौट पाए। चंदन टॉकीज की यह आखिरी विदाई मुंबई के सिनेमा इतिहास का एक चैप्टर बंद कर गई।

अमित बृज । मुंबई

कई फिल्मों की कहानी बयां करने वाले सिंगल स्क्रीन सिनेमा हॉल अब खुद खामोश होकर फनाह होने लगे हैं। सिनेमा का इतिहास आजादी से पहले का है। एक जमाना था, जब मायानगरी यानी मुंबई में फिल्मों का इतना क्रेज था कि बच्चे, युवा और बुजुर्ग हर उम्र के लोग अपने दोस्तों-परिवार के साथ सिनेमा हॉल जाया करते थे लेकिन बदलते वक्त और तकनीकी क्रांति का पहिया कुछ ऐसा घूमा की लोगों ने धीरे-धीरे सिनेमाघरों से मुंह मोड़ लिया। मुंबई में मनोरंजन का एकमात्र साधन बने सिनेमा हॉल कभी फिल्मों की कहानी दिखाया करते थे जो आज खुद खंडहर में तब्दील होकर कहानी बनकर रह गए हैं। जुहू का मशहूर चंदन टॉकीज भी वही सिंगल स्क्रीन सिनेमा हॉल था। इस शहर ने आज एक ऐतिहासिक गवाह को खो दिया। शहर का सबसे मशहूर और आखिरी सिंगल स्क्रीन थिएटर, चंदन टॉकीज, जिसे 2017 में बंद कर दिया गया था, आज जमींदोज कर दिया गया। मुंबई से बाहर रहने वाले लोगों के लिए चंदन टॉकीज होगा महज एक सिनेमा हॉल, लेकिन मुंबईकरों के लिए एक इमोशन था। वह जगह, जहां टिकट की लंबी लाइनें, दोस्तों के साथ मस्ती, और मसालेदार समोसे का मजा लेते हुए ब्लॉकबस्टर फिल्मों का आनंद लिया जाता था। मटिनी शो में सीट ना मिलने का गुस्सा और बालकनी का रुतबा, ये सब चंदन के साथ जुड़ी यादें हैं।

**सिनेमा की शुरुआत : एक सपना, एक प्यार की कहानी**

चंदन सिनेमा के मालिक समीर जोशी की आँखों में वह पुरानी यादें हैं, जब वह केवल चार साल के थे और उनके पिता बैजनाथ जोशी ने अपनी पत्नी चंद्रकांता, जिन्हें प्यार से चंदन कहा जाता था, के लिए यह थिएटर बनवाया था। यह थिएटर सिर्फ एक व्यवसाय नहीं था, बल्कि उनके माता-पिता की एक खूबसूरत और अनकही प्रेम कहानी का हिस्सा था। 1974 में राज कपूर की फिल्म बॉबी के भव्य प्रीमियर के साथ चंदन टॉकीज की यात्रा शुरू हुई थी। उस समय से लेकर 2000 के दशक तक, यह सिंगल स्क्रीन थिएटर सिनेमा प्रेमियों के दिलों में अपनी एक खास जगह बना चुका था। जब शहर में केवल एक मल्टीप्लेक्स था, तब चंदन टॉकीज ने सिनेमा देखने वालों की कई पीढ़ियों को अपनी छांव दी। यह थिएटर वह जगह था जहां बॉलीवुड की हस्तियां भी अक्सर पाई जाती थीं, और हर शो में दर्शकों की भारी भीड़ होती थी।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



# जोगेश्वरी में किराया विवाद के कारण आत्महत्या

### विकासक पर सवाल उठे

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मुंबई के जोगेश्वरी पूर्व में एक निजी परियोजना के तहत झुग्गीधारक ने चार साल से किराया नहीं मिलने के कारण आत्महत्या कर ली। 46 वर्षीय अहमद हुसैन शेख, जिनकी झुग्गी ओमकार डेवेलपर्स द्वारा अधिग्रहित की गई थी, ने बुधवार शाम को विकासक के कार्यालय के बाहर जहर पी लिया। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन गुरुवार सुबह उनकी मौत हो गई।

### किराए की मांग कर रहे थे अहमद

अहमद पिछले कुछ महीनों से जोगेश्वरी पूर्व के जनता मार्केट स्थित ओमकार डेवेलपर्स के कार्यालय में किराए की मांग कर रहे थे। उन्होंने कई बार कार्यालय का चक्कर लगाया, लेकिन किराया नहीं मिला। पिछले चार वर्षों से उन्हें किसी भी तरह का भुगतान नहीं किया गया था। अंततः निराश होकर अहमद ने कार्यालय के बाहर जहर पी लिया। उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनकी जान नहीं बचाई जा सकी।



### अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज

मेघवाड़ी पुलिस ने अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, अहमद के चार भाई थे और परियोजना में मिली रूम उनकी मां के नाम पर थी। मां के निधन के बाद, चारों भाइयों ने किराए की मांग की, जिससे यह सवाल उठता है कि किराया किसे दिया जाए। ओमकार डेवेलपर्स की परियोजना पिछले कई वर्षों से चल रही है, जिसमें सैकड़ों झुग्गियां हटाई गई हैं। पीड़ित झुग्गीधारकों का आरोप है कि विकासक ने लंबे समय से किराया नहीं दिया है, जिसके कारण कई परिवारों को बार-बार कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं।

### विकासक पर सवाल

इस घटना ने विकासक के खिलाफ सवाल उठाए हैं। झुग्गीधारकों का आरोप है कि विकासक ने उनके साथ अन्याय किया है और उन्हें वादा किया गया किराया नहीं दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# 'पहले सरपंच की हत्या के आरोपियों को पकड़ो, फिर बात करो'

## शिवसेना यूबीटी नेता अंबादास दानवे का सीएम फडणवीस पर तंज

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

शिवसेना यूबीटी ने बीड में सरपंच की हत्या के मामले सीएम देवेंद्र फडणवीस पर तंज कसा है और कहा है कि सीएम इस मामले में किसी को न बख्शने की बात कर रहे हैं, लेकिन पहले उन्हें हत्या के फरार आरोपियों को पकड़ना चाहिए। शिवसेना यूबीटी नेता अंबादास दानवे ने गुरुवार को देवेंद्र फडणवीस सरकार पर निशाना साधा क्योंकि सरपंच की हत्या का एक आरोपी अभी भी फरार है।



### बीड सरपंच की हत्या पर हुआ था हंगामा

महाराष्ट्र विधान परिषद में विपक्ष के नेता दानवे ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'गृह विभाग का जिम्मा संभाल रहे मुख्यमंत्री फडणवीस कहते रहते हैं कि वे मामले में शामिल किसी भी व्यक्ति को नहीं बख्शेंगे, लेकिन इसके लिए उन्हें पहले फरार आरोपियों को पकड़ना होगा।' गौरतलब है कि बीड जिले के मासाजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की बीते 9 दिसंबर को अपहरण कर हत्या कर दी गई थी। हत्या से पहले सरपंच देशमुख को प्रताड़ित भी किया गया था। कथित तौर पर यह हत्या पवनचक्की परियोजना से जुड़ी एक ऊर्जा कंपनी के खिलाफ जबरन वसूली की कोशिश को रोकने के चलते की गई। जिस सरपंच की हत्या हुई, वह मराठा समुदाय से थे और आरोपी गैर मराठा समुदाय के हैं। ऐसे में इस मामले को लेकर राज्य की राजनीति खूब गरमाई हुई है। इस मामले में अभी तक सात आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं और एक आरोपी अभी भी फरार है।

## खबर संक्षेप

### जिस्मफरोशी के धंधे का पर्दाफाश



**ठाणे।** ठाणे जिले में पुलिस ने गुरुवार को वेश्यावृत्ति रैकेट चलाने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान जिस्मफरोशी के धंधे में धकेली गईं 13 महिलाओं को भी पुलिस ने बचाया है। रिपोर्ट के मुताबिक शिकायतों के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने कल्याण रेलवे स्टेशन के पास छापेमारी की। इस दौरान चार आरोपियों को हिरासत में लिया गया, जिनमें तीन महिलाएं भी शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि यह अवैध गतिविधि क्षेत्र के एसटी बस स्टॉप के पीछे खुले में चल रही थी। डीसीपी अतुल जेंडे ने बताया कि इस ऑपरेशन में पुलिस को अवैध रैकेट का पर्दाफाश करने में सफलता मिली। मौके से 13 महिलाओं को बचाया गया, जिन्हें आगे की सुरक्षा के लिए उल्हासनगर स्थित एक शेल्टर होम भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और उनकी जांच की जा रही है। यह भी जांच की जा रही है कि इस रैकेट में और कौन-कौन लोग शामिल हैं और इसे कितने समय से संचालित किया जा रहा था। रेस्क्यू की गई महिलाओं की पहचान गुप्त रखी गई है, और उन्हें पुनर्वास के लिए भेज दिया गया है।

### पेड़ गिरने से महिला की मौत, एक घायल



**मुंबई।** घाटकोपर इलाके में गुरुवार शाम को एक निजी उद्यान का पेड़ गिरने से 60 वर्षीय महिला की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गई। यह हादसा एक होटल के पास हुआ जब दोनों सड़क पर चल रही थीं। घायल महिलाओं को राजावाड़ी अस्पताल ले जाया गया, जहां 60 वर्षीय मीनाक्षीबेन को मृत घोषित कर दिया गया। 56 वर्षीय वंदना शाह का एमआरआई स्कैन किया जा रहा है। पेड़ गिरने के कारणों की जांच जारी है।

# ठाणे में संस्कृति आर्ट फेस्टिवल का आयोजन

## डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के हाथों हुआ शुभारंभ

डीबीडी संवाददाता । ठाणे



शहर स्थित उपवन तालाब पर शुक्रवार को 'विहंग संस्कृति आर्ट फेस्टिवल' का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के हाथों किया जाएगा। यह फेस्टिवल संस्कृति आर्ट फेस्टिवल और प्रताप सरनाईक फाउंडेशन द्वारा पिछले 11 वर्षों से मनाया जा रहा है। इस वर्ष फेस्टिवल का आयोजन 10 जनवरी से 13 जनवरी तक उपवन तालाब परिसर में किया जाएगा।

### कार्यक्रम का आकर्षण

फेस्टिवल का उद्घाटन प्रसिद्ध शास्त्रीय गायिका शुभा मुद्गल के मधुर संगीत की प्रस्तुति से होगा। इस कार्यक्रम में विविध कार्यशालाएँ, नृत्य, स्पर्धाएँ और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं, जिनसे कला और संस्कृति क्षेत्र के कलाकारों को प्रोत्साहन मिलेगा।

### प्रसिद्ध कला प्रदर्शनी

इस वर्ष के फेस्टिवल में एक खास आकर्षण के रूप में प्रसिद्ध चित्रकार राजा रवि वर्मा के लिथोग्राफी चित्रों की प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया है, जिससे नागरिकों को कला के क्षेत्र में एक नई दृष्टि मिलेगी।

### विशेष उपस्थितियाँ

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री अजित पवार सहित कई प्रमुख हस्तियाँ उपस्थित रहेंगी। इसके अलावा, विदुषी आरती अंकलीकर-टिकेकर, पंडित रितेश-रजनीश मिश्रा, संजू राठोड, अभिजीत भट्टाचार्य, पंडित ब्रिज नारायण, केतकी माटेगावकर, पद्मश्री शाहीद परवेज, मिका सिंग, रणजीत रजवाडा जैसे नामचीन कलाकार अपनी कला प्रस्तुत करेंगे। फेस्टिवल में कुचीपुडी, भरतनाट्यम्, ओडिसी, मणिपुरी और अन्य शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत किए जाएंगे, साथ ही विभिन्न राज्यों के लोकनृत्य भी दर्शकों का मनोरंजन करेंगे।

# 592 दुकानों और मकानों पर तोड़क कार्रवाई

## विठ्ठलवाड़ी रेलवे स्टेशन से बदलापुर तक तीसरी-चौथी लाइन का किया जा रहा निर्माण

डीबीडी संवाददाता । उल्हासनगर

विठ्ठलवाड़ी रेलवे स्टेशन से बदलापुर तक तीसरी और चौथी रेलवे लाइन के निर्माण के लिए रेलवे ने 592 दुकानों और मकानों को ध्वस्त कर दिया। इस प्रक्रिया में वैध और अवैध दोनों प्रकार के निर्माणों को हटाया गया। प्रभावितों को नोटिस जारी करने के बाद उन्हें अपना स्थान खाली करने के लिए कहा गया था।

### ध्वस्तीकरण प्रक्रिया:



अधिकतर प्रभावितों ने खुद ही अपने मकान और दुकान खाली कर दिए, जिससे कार्रवाई को व्यवस्थित रूप से अंजाम दिया जा सका। यह परियोजना मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) और रेलवे विकास कॉर्पोरेशन द्वारा मिलकर पूरी की जा रही है।

### आवास का वितरण:


इस परियोजना के तहत कुल 510 प्रभावितों को पनवेल के नेक्स जोन में 320 स्क्वायर फीट के वन आरके फ्लैट्स आवंटित किए गए हैं। बाकी प्रभावितों को दस्तावेज़ जमा करने के बाद आवास मिलेगा। यह प्रक्रिया 24 तारीख तक पूरी कर ली जाएगी।

# शिलफाटा सड़क पर बस में आग

## चालक की सूझबूझ से सभी 22 यात्री सुरक्षित

डीबीडी संवाददाता । कल्याण

कल्याण-शिलफाटा सड़क पर मानपाडा क्षेत्र के रुनवाल चौक पर गुरुवार सुबह नवी मुंबई नगरपालिका परिवहन सेवा की एक बस में अचानक आग लग गई। यह घटना सुबह साढ़े दस बजे हुई। आग लगते ही बस के चालक ने यात्रियों को तुरंत बस से उतरने का संकेत दिया। ड्यूटी पर तैनात कोलसेवाडी ट्रैफिक पुलिस के तत्परता और चालक के सूझबूझ से सभी 22 यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इस घटना में किसी भी यात्री को कोई चोट नहीं आई। आग लगने के तुरंत बाद, यातायात पुलिस ने सड़क के दोनों तरफ यातायात को रोक दिया, जिससे कुछ समय के लिए शिलफाटा सड़क पर जाम लग गया। बस कल्याण की दिशा में जा रही थी, जब अचानक धुआं निकलने लगा और आग लग गई। चालक की सूझबूझ से सभी यात्री सुरक्षित बाहर निकल गए। कोलसेवाडी यातायात विभाग के वरिष्ठ निरीक्षक सचिन सांडभोर के मार्गदर्शन में पुलिस ने अन्य दुर्घटनाओं को टालने के लिए त्वरित कार्रवाई की। घटनास्थल पर तुरंत एक टैंकर बुलाया गया, जिसने आग बुझाने में मदद की। यातायात पुलिस के उपनिरीक्षक डुकळे, हवालदार बोरकर, नाईक, प्रधान, और यातायात सेवक जयवंत भोईर ने भी इस कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आग को आधे घंटे में बुझाने के बाद, एक क्रेन को बुलाकर जलकर खाक हुई बस को सड़क के किनारे ले जाया गया, जिससे यातायात को फिर से सुचारू किया जा सका।



# प्रतिबंधित मांझा बेचने वाले के खिलाफ मामला दर्ज

डीबीडी संवाददाता । भिवंडी

भिवंडी शहर में प्रतिबंधित नायलॉन मांझा बेचने पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह मांझा कई जानलेवा घटनाओं का कारण बनने के चलते प्रतिबंधित किया गया है। गुरुवार सुबह 11:45 बजे भिवंडी शहर पुलिस गश्त के दौरान नेहरूनगर, नवी बस्ती में हनुमान मंदिर के पास मोइस आबूल शाह (45) को प्रतिबंधित मांझा बेचते हुए पाया। पुलिस ने मौके से 1,330 रुपये का प्रतिबंधित नायलॉन मांझा जप्त किया।



पुलिस शिपाही समाधान सुभाष भोसले की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 125(अ), 223 और पर्यावरण संरक्षण अधिनियम की धारा 5 व 15 के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले की जांच पुलिस हवलदार गौड़ा द्वारा की जा रही है।

# पुलिस ने फर्जीवाड़े के आरोपी को किया गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता । पालघर



पालघर जिले की वानगांव पुलिस ने फर्जीवाड़े के आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह मामला एक जमीन के फर्जी दस्तावेज़ तैयार करने का है, जहां आरोपी ने मृतक छोटालाल गोवर्धन आढीया की जमीन पर धोखाधड़ी से कब्जा किया। तलाठी सुरेश जाधव द्वारा वानगांव पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई थी।

### फर्जी दस्तावेज़ और आरोपी की गिरफ्तारी

आरोपी मदन गोविंद बारी ने बाडा पोखरण के सर्वे क्रमांक 44/5 स्थित भूमि, जो कि मृतक छोटालाल गोवर्धन आढीया के नाम पर दर्ज थी, का फर्जी दस्तावेज तैयार करवाया। उसने छोटे लाल गोवर्धन आढीया की जगह खुद का नाम, छोटालाल गोवर्धन बारी दर्ज करवा लिया और खुद को भूमि का वारिश घोषित कर लिया।

### पुलिस कार्रवाई

वानगांव पुलिस ने सहायक पुलिस निरीक्षक तुषार पाचपूते की अगुवाई में इस मामले की शिकायत मिलने के बाद केस दर्ज किया और आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। मामले की जांच जारी है।

# 500 रुपए के लिए भाई ने भाई की हत्या की, आरोपी फरार

डीबीडी संवाददाता । कल्याण

ठाणे जिले के कल्याण में एक हैरान कर देने वाली घटना में, 500 रुपए के विवाद में एक भाई ने दूसरे भाई को चाकू से गोदकर हत्या कर दी। आरोपी सलीम शमीम खान ने अपने भाई नईम शमीम खान पर चाकू से हमला किया और उसे मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद सलीम मौके से फरार हो गया। घटना की रात सलीम को शक हुआ कि उसके भाई नईम ने 500 रुपए चोरी कर लिए हैं, जिसके बाद दोनों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई।




### पैसों को लेकर विवाद ने लिया जानलेवा मोड़

पैसों को लेकर हुई इस बहस के दौरान सलीम का गुस्सा बढ़ता गया। अंत में, उसने किचन में रखे धारदार चाकू से अपने भाई की हत्या कर दी। घटना के बाद, घर में चीख-पुकार मच गई और परिवार ने तुरंत पुलिस को सूचित किया।


### पुलिस की तत्पर कार्रवाई और आरोपी की गिरफ्तारी

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू की। आरोपी सलीम फरार हो गया, लेकिन पुलिस ने महज 12 घंटे में उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच की जा रही है।

# ससुराल वालों की प्रताड़ना से परेशान विवाहिता ने लगाई फांसी

डीबीडी संवाददाता । भिवंडी

भिवंडी में एक नवविवाहित युवती द्वारा शादी के केवल दो महीने बाद खुद को फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। आत्महत्या का कारण ससुराल वालों की क्रूरता बताई जा रही है। मृतक युवती की मां की शिकायत पर पुलिस ने उसके पति सहित कुल तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।



### पुलिस की कार्रवाई

पुलिस के मुताबिक, भिवंडी के नागांव रोड स्थित गायत्रीनगर की रहने वाली गुलशन उर्फ सायमा शेख (20) का विवाह दो महीने पहले फातमानगर निवासी रमजान आली शेख से हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वालों द्वारा मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना दी जा रही थी। बढ़ती प्रताड़ना से परेशान होकर युवती ने 6 जनवरी को शाम को खुद को फांसी लगा ली। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची शांतिनगर पुलिस ने पंचनामा तैयार किया और शव को पीएम के लिए भिवंडी के आईजीएम अस्पताल भेज दिया। मृतक की मां सानिया इम्तियाज शेख की शिकायत पर पुलिस ने उसके पति रमजान शेख, सास सलीमा शेख और ननंद शबीना सलीम शेख के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है।

### अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं

पुलिस ने अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया है, और मामले की जांच पुलिस उपनिरीक्षक के. एस. गवारी कर रहे हैं।

# बेस्ट बस ने दोपहिया वाहन को कुचला

### दो कॉलेज छात्रों की मौत

डीबीडी संवाददाता । नवी मुंबई

नवी मुंबई के उरन इलाके में सायन-पनवेल हाईवे पर गुरुवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ। एक बेस्ट बस ने दो कॉलेज छात्रों द्वारा चलाए जा रहे दोपहिया वाहन को कुचल दिया, जिससे दोनों छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई।

### मृतकों की पहचान

मृतकों की पहचान 19 वर्षीय शशिप्रीतम राजू डोंथा और 19 वर्षीय साहिल विलास केरकर के रूप में की गई है। दोनों छात्र मुलुंड से बेलापुर स्थित अपने कॉलेज जा रहे थे। जब वे उरण फाटा पुल पार कर रहे थे, तब बेस्ट बस ने उनके वाहन को कुचल दिया।




### घटना की गंभीरता

बस का पिछला टायर दोनों छात्रों के शरीर के ऊपर से गुजर गया, जिससे उनकी मौत हो गई। यह घटना नवी मुंबई में एक और सड़क दुर्घटना को उजागर करती है, जो अत्यधिक यातायात और लापरवाही के कारण हुई।

### पुलिस कार्रवाई

नवी मुंबई पुलिस ने घटना के बाद बस चालक प्रशांत बड़े को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है, और आगे की कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है।

# संभागीय अधिकारी 1 लाख रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता । रायगढ़

रायगढ़ जिले के कर्जत स्थित कड़ाव में संभागीय अधिकारी चंद्रकांत ठकाजी कैंडे को भ्रष्टाचार प्रतिबंधक विभाग के दस्ते ने एक लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। यह घटना आज शाम करीब चार बजे हुई, जब शिकायतकर्ता से उन्होंने अपनी भूमि के सर्वे नंबर में बदलाव कराने के बदले रिश्वत की मांग की थी।



### रिश्वत की मांग और गिरफ्तारी

शिकायतकर्ता के अनुसार, उन्होंने 1 लाख रुपए की रिश्वत की मांग कर्जत के दहीगांव तहसील में अपनी भूमि के सर्वे नंबर में बदलाव कराने के लिए की थी। शिकायतकर्ता ने एंटी करप्शन ब्यूरो को इस बारे में सूचित किया, जिसके बाद विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शाम को संभागीय अधिकारी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

### पुलिस कार्रवाई

रायगढ़ एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारियों ने आरोपी अधिकारी को साक्षी के सामने एक लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए पकड़ा। इसके बाद कर्जत पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया, और आरोपी अधिकारी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई।

# सरकारी पर्यवेक्षण गृह से भागी आठ नाबालिग लड़कियां, सात बरामद

डीबीडी संवाददाता । ठाणे

ठाणे जिले में स्थित सरकारी पर्यवेक्षण गृह से आठ नाबालिग लड़कियां मंगलवार तड़के भाग गईं। पुलिस के अनुसार, इन लड़कियों ने उल्हासनगर टाउनशिप में स्थित पर्यवेक्षण गृह के एक बेडरूम की खिड़की की ग्रिल तोड़ी और वहां से फरार हो गईं। लड़कियों की आयु 15 से 17 वर्ष के बीच थी।

### तलाशी अभियान और बरामदगी

घटना के बाद, ठाणे पर्यवेक्षण गृह के केयरटेकर ने स्थानीय पुलिस को सूचित किया, जिसके बाद अधिकारियों ने व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया। रिपोर्ट के मुताबिक, दो घंटे से भी कम समय में सात लड़कियों को उल्हासनगर के दो अलग-अलग स्थानों से खोज लिया गया और उन्हें वापस भेज दिया गया। हालांकि, एक लड़की का अब तक पता नहीं चल पाया है।




### लड़कियों का फरार होने का कारण

पुलिस ने बताया कि लड़कियों ने ठाणे निगरानी गृह में रहना पसंद नहीं किया था, जिसके कारण उन्होंने वहां से भागने का निर्णय लिया। इस संबंध में हिल लाइन पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और उनकी तलाश जारी है।

### गंभीरता और जल्द कार्रवाई

पुलिस अधिकारियों ने यह भी बताया कि उल्हासनगर स्टेशन पर लोकल ट्रेन सेवा शुरू होने से पहले ही लड़कियों का पता चला, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि वे शहर से बाहर नहीं जा पाई थीं।



# सर्द हो रही मुंबई !

**न्यूनतम तापमान**
सांताक्रूज़: 17.9°
कोलाबा: 21.8°C

**अधिकतम तापमान**
सांताक्रूज़: 33.1°C
कोलाबा: 30.6°C

**वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI)**
औसत AQI: मध्यम (135)
शिवाजी नगर: 235 (खराब)
बोरीवली ईस्ट: 90 (अच्छा)

### प्रदूषण नियंत्रण के कदम

वायु प्रदूषण के स्तर में वृद्धि को देखते हुए, BMC ने निर्माण स्थलों के लिए दिशा-निर्देशों को संशोधित किया है। सभी निर्माण स्थलों पर सेंसर आधारित वायु प्रदूषण निगरानी प्रणालियां स्थापित की जाएंगी, और यदि प्रदूषण का स्तर सीमा से अधिक पाया गया, तो तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

गुरुवार को मुंबई में हल्की ठंड का अनुभव हुआ, जब न्यूनतम तापमान 17.9 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। भारतीय मौसम विभाग (IMD) के अनुसार, शहर में सापेक्ष आर्द्रता 59 प्रतिशत रही। सूरज सुबह 07:14 बजे उगा और शाम को 06:17 बजे अस्त हुआ। इस दिन मुंबई में आंशिक रूप से बादल छाए रहे। सुबह का तापमान 21 डिग्री सेल्सियस से शुरू होकर दिन में 33 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।

### वायु गुणवत्ता का स्तर


9 जनवरी को मुंबई में वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) मध्यम श्रेणी में था। SAMEER ऐप के अनुसार, सुबह 9 :05 बजे AQI 135 दर्ज किया गया। बायकुला में 151 AQI, कोलाबा में 118 AQI, घाटकोपर में 115 AQI, और कुर्ला में 111 AQI रहा। वहीं, बोरीवली ईस्ट में 90 AQI के साथ अच्छी वायु गुणवत्ता देखी गई, जबकि शिवाजी नगर में 235 AQI के साथ खराब वायु गुणवत्ता दर्ज की गई।

### सांताक्रूज़ और कोलाबा का तापमान

मुंबई के सांताक्रूज वेधशाला ने अधिकतम तापमान 33.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 17.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया, जबकि कोलाबा में अधिकतम तापमान 30.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 21.8 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में शहर और उसके उपनगरों में आंशिक रूप से बादल छाए रहने का अनुमान जताया है।

# 'नाबालिग का अधिकार नहीं छीन सकते'

## उच्च न्यायालय का आदेश



**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

बॉम्बे उच्च न्यायालय ने अपने एक आदेश में कहा है कि माता-पिता के बीच चल रहे वैवाहिक विवाद के चलते नाबालिग का पासपोर्ट हासिल करने और उसके विदेश यात्रा करने के अधिकार को नहीं छीना जा सकता। उच्च न्यायालय ने बुधवार को एक मामले में यह आदेश दिया, जिसकी प्रति गुरुवार को उपलब्ध हुई। उच्च न्यायालय ने पुणे क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय (आरपीओ) को 17 वर्षीय लड़की को दो सप्ताह के भीतर पुराने आवेदन पत्र पर ही पासपोर्ट जारी करने का निर्देश दिया।

### क्या है मामला ?

दरअसल पुणे पासपोर्ट कार्यालय ने नवंबर 2024 में लड़की की मां को एक पत्र भेजा, जिसमें कहा गया था कि उनकी बेटी के पासपोर्ट आवेदन पर कार्रवाई नहीं की जाएगी क्योंकि लड़की के पिता ने इस पर आपत्ति जताई और सहमति देने से इनकार कर दिया। नाबालिग लड़की के माता-पिता के बीच विवाद चल रहा है और दोनों तलाक ले रहे हैं। इसके खिलाफ नाबालिग लड़की ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की।

अब सुनवाई के बाद उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा कि याचिकाकर्ता लड़की के संवैधानिक अधिकार को सिर्फ इसलिए नहीं छीना जा सकता क्योंकि उसके पिता ने सहमति देने से इनकार कर दिया है। नाबालिग लड़की अपनी मां के साथ रह रही है और वह एक होनहार छात्रा है, जिसने कक्षा 10 की परीक्षा अच्छे अंकों से पास की है। लड़की को एक स्टडी दौरे में भाग लेने के लिए स्कूल द्वारा जापान भेजा जा रहा है।

### संविधान में व्यक्तिगत आजादी के तहत विदेश यात्रा मौलिक अधिकार

न्यायालय ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत व्यक्तिगत स्वतंत्रता के बारे में बताया गया है और इसमें विदेश यात्रा का अधिकार शामिल है और किसी भी व्यक्ति को कानूनी प्रक्रिया के तहत ही उसके अधिकार से वंचित किया जा सकता है।' कोर्ट ने कहा कि इस मामले में लड़की के पिता ने किसी अदालत से कोई आदेश नहीं लिया है। न्यायालय ने कहा कि आज के समय में विदेश यात्रा को एक काल्पनिक मामला नहीं माना जा सकता है, बल्कि यह आधुनिक जीवन की एक अहम जरूरत बन गया है। न्यायमूर्ति गिरीश कुलकर्णी और अद्वैत सेठना की खंडपीठ ने ऐसे मामलों में मशीनी दृष्टिकोण अपनाने के लिए पासपोर्ट प्राधिकरण की भी खिंचाई की। पीठ ने कहा कि इस मामले में लड़की की मां ने एक घोषणापत्र दिया है, जिस पर अब पासपोर्ट प्राधिकरण को विचार करना चाहिए।



# ज्वाइंट कमिश्नर से मिले जीशान सिद्दीकी

### पुलिस जांच पर उठाए सवाल

मुंबई। एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी मर्डर केस को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। मामले को लेकर बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान सिद्दीकी ने ज्वाइंट कमिश्नर लक्ष्मी गौतम से मुलाकात की है। मीटिंग के बाद जीशान सिद्दीकी ने मामले में पुलिस की जांच और चार्टशीट को लेकर सवाल खड़े किए। जीशान सिद्दीकी ने कहा कि, 'जिन लोगों पर हमें शक है, उनसे पूछताछ तक नहीं हुई है। बता दें कि 12 अक्टूबर 2024 को हमलावरों ने बाबा सिद्दीकी को गोलियों से भून डाला था।

### 'जिन पर शक, उनसे पूछताछ नहीं'

जीशान सिद्दीकी ने कहा, 'हम इस मामले से संबंधित चार्जशीट के बारे में चर्चा करने और पूछने वाले थे, जिन लोगों पर हमें संदेह है और जिनका मैंने अपने बयान में लिया है, उनके बारे में मैं जानना चाहता था कि क्या उनसे पूछताछ हुई है, लेकिन मुझे जो जानकारी मिली है, उसके आधार पर ऐसा लगता है कि उनसे पूछताछ नहीं हुई है।'

# महारेरा ने बंद पड़ी परियोजनाओं को जारी किया नोटिस

- **10,773 आवासीय परियोजनाओं के डेवलपर्स को कारण बताओ नोटिस जारी**
- **5,324 ने वांछित प्रतिक्रिया के साथ दिया जवाब**

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

महाराष्ट्र रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण (महारेरा) ने उन 10,773 आवासीय परियोजनाओं के डेवलपर्स को कारण बताओ नोटिस जारी किए थे, जो परियोजना की समयसीमा खत्म होने के बावजूद अपनी स्थिति को अपडेट करने में विफल रहे थे। इन परियोजनाओं में से 5,324 डेवलपर्स ने सही और अपेक्षित प्रतिक्रिया दी है। इन डेवलपर्स ने परियोजनाओं की स्थिति को अपडेट किया, जिसमें 3,517 परियोजनाओं ने अपने ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट (OC) जमा किए हैं, और 524 ने समयसीमा बढ़ाने के लिए आवेदन किया है।



### जांच और दंडात्मक कार्रवाई

महारेरा ने उन परियोजनाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू की है जो अपनी जानकारी अपडेट करने में विफल रही हैं। 1,283 परियोजनाओं का जवाब अभी जांच के तहत है। इसके अतिरिक्त, 1,950 परियोजनाओं के पंजीकरण को स्थगित कर दिया गया है और उनके बैंक खाते फ्रीज कर दिए गए हैं। यह परियोजनाएं अब कोई लेन-देन नहीं कर सकतीं। अब उन 3,499 परियोजनाओं पर भी कार्रवाई की जा रही है जिन्होंने जवाब नहीं दिया है।

### भविष्य में कदम

महारेरा ने कहा है कि यदि परियोजनाएं समयसीमा के भीतर कार्रवाई नहीं करतीं, तो उनके पंजीकरण को रद्द या निलंबित किया जाएगा। इसके अलावा, ऐसे प्रोजेक्ट्स में किसी भी फ्लैट की बिक्री या खरीद को पंजीकृत करने पर प्रतिबंध लगाया जाएगा। इसके साथ ही, परियोजनाओं के बैंक खाते भी फ्रीज कर दिए जाएंगे।

### प्रारंभिक लक्ष्य और पारदर्शिता का महत्व

महारेरा के अधिकारियों ने कहा कि रियल एस्टेट (विनियमन और विकास) अधिनियम, 2016 का मुख्य उद्देश्य पारदर्शिता, जवाबदेही, और वित्तीय अनुशासन को सुनिश्चित करना है, ताकि घर खरीदारों के हितों की रक्षा हो सके। परियोजनाओं को तिमाही और वार्षिक रिपोर्ट अपडेट करनी होती है, जिससे घर खरीदारों को उनकी स्थिति का नियमित अपडेट मिलता रहे। हालांकि, कई परियोजनाओं ने इस प्रक्रिया का पालन नहीं किया, और इसके परिणामस्वरूप कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे।

### महारेरा की वेबसाइट पर अपडेट रखना अनिवार्य

महारेरा के चेयरमैन मनोज सौनिक ने कहा कि रियल एस्टेट सेक्टर में पारदर्शिता लाने के लिए डेवलपर्स को अपनी परियोजनाओं की स्थिति को समय-समय पर महारेरा की वेबसाइट पर अपडेट करना आवश्यक है। यह घर खरीदारों को परियोजनाओं की वास्तविक स्थिति के बारे में जानकारी देता है।

**पश्चिम रेलवे**
**एलएचबी का रेट्रो-फिटमेंट**

मुख्य कार्यशाला प्रबंधक, कैरिज रिपेयर वर्कशॉप, पश्चिम रेलवे, एन.एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल, मुंबई 13 **निविदा सूचना संख्या: WR-PL-ME-EST-564488 दिनांक 08.01.2025 आमंत्रित करता है। कार्य का नाम और स्थान:** "आईसीएफ डिजाइन कोचों में 30 लीटर एलएचबी पानी की टंकी का रेट्रो-फिटमेंट" **अनुमानित लागत:** 65,05,999.62/- **जमा की जाने वाली बयाना राशि:** 1,30,100/- **जमा करने की तिथि और समय:** 07.02.2025, 15.00 बजे तक। **खुलने की तिथि और समय:** 07.02.2025 को 15.30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएँ।
0947
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**
**संशोधन कार्य**

मुख्य कार्यशाला प्रबंधक, कैरिज मरम्मत कार्यशाला, पश्चिमी रेलवे, एन.एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल, मुंबई - 13 **निविदा सूचना संख्या: WR-PL-ME-EST-536547ReTend दिनांक 08.01.2025 आमंत्रित करते है। कार्य का नाम और उसका स्थान:** LHB कोच में अतिरिक्त जल भरने की व्यवस्था का रेट्रो-फिटमेंट और मौजूदा जल भरने की व्यवस्था में संशोधन। **अनुमानित लागत:** 2,26,27,916/- **जमा की जाने वाली बयाना राशि:** 2,63,100/- **जमा करने की तिथि और समय:** 07.02.2025, 15.00 बजे तक। **खुलने की तिथि और समय:** 07.02.2025 को 15.30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएँ।
0945
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**मुंबई रेलवे विकास कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
**निविदा हेतु अनुरोध - MRVC/G/202/R-Elev**
**(एक लिफाफा ई-प्रोक्योरमेंट निविदा प्रक्रिया)**

मुंबई रेलवे विकास कॉर्पोरेट लि., कॉर्पोरेट कार्यालय, दूसरी मंजिल, चर्चगेट स्टेशन भवन, मुंबई-400020 द्वारा, "**पश्चिम रेलवे और मध्य रेलवे के बारह स्टेशनों पर लिफ्ट के लिए खरीद - डिजाइन, विनिर्माण, आपूर्ति, एकाधिक लोडिंग / अनलोडिंग, स्थापना, परीक्षण, कमीशनिंग और वारंटी अवधि के दौरान रखरखाव) - चरण-II**" हेतु ई--निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा के विवरण तथा निविदा दस्तावेज ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट **https://www.eprocure.gov.in/eprocure/app** पर उपलब्ध हैं। वेबसाइट **https://www.eprocure.gov.in/eprocure/app** पर परिपूर्ण ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि **13.02.2025, दोपहर 12.30 बजे तक है। शुद्धिपत्र, यदि कोई है, केवल वेबसाइट पर ही प्रदर्शित किया जायेगा।**

**मध्य रेल**
**रखरखाव कार्य**
**ई-निविदा सूचना क्र.**
**पीजी_डीटीएल_2024-25_ओपी_17**

**कार्य का नाम :** माटुंगा वर्कशॉप में आईसीएफ एसी कोचों के आरएमपीयू का व्यापक रखरखाव अनुबंध, 02 वर्ष की अवधि के लिए मात्रा- 600 कोच। **कार्य की अनुमानित : रु.** 10,87,02,334.68 **बयाना राशि : रु.** 6,93,500/- **समाप्ती अवधी :** 24 महीना। **निविदा भरने का अंतिम दिन और समय :** दिनांक 30.01.2025 दोपहर 12:00 बजे तक। **ऑफर की वैधता :** 90 दिन। निविदाएं केवल ई-टेंडरिंग प्रारूप में वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से स्वीकार की जाएंगी। निविदा दस्तावेज वेबसाइट पर उपलब्ध है।
**उप मुख्य विद्युत अभियंता (सामान्य)**
**माटुंगा, मुंबई**
Apex-668
रेल्वे फाटक को बंद स्थिति में पार करना मना है

**मध्य रेल**
**ओएचई संशोधन**
**खुली निविदा सूचना क्र.**
**BB.LD.585.W.867.ContR1 दिनांक 03-01-2025**

**कार्य का नाम :** ठाणे के किमी 31/14-15 के बीच कोपरी में नए यार्ड आरओबी के निर्माण के संबंध में ओएचई संशोधन। **अनुमानित लागत :** रु.92,16,516/- **बिड सिक्योरिटी :** रु.1,84,300/- **ऑफर की वैधता :** 60 दिन। **समापन अवधि :** 10 महीने। I) उक्त निविदा का, निविदा बंद करने की तारीख और समय : दिनांक **04-02-2025** को 11.00 बजे तक और 11.00 बजे के बाद खोला जाएगा। II) शुध्दिपत्रक के विवरण हेतुं अग्रदर्शी निविदाओं के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर भेट देने का अनुरोध है। III) केवल वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से उपर्युक्त इलेक्ट्रॉनिकलि ई-टेन्डर में निविदाधारक सहभाग ले सकते है और ई-टेन्डर के अलावा हस्तचलित प्रस्तुत करने का निवेदन देने की अनुमति नही है। हस्तचलित रुप से, यदि निविदा खुलने के बाद की प्रस्तुति का विचार नही किया जाएगा। IV) निविदा दस्तावेज में दिए गए विवरण के अनुसार बिड सिक्योरिटी का भुगतान किया जाना चाहिए। V) अतिरिक्त जानकारी के लिए संपर्क : वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (कर्षण वितरण), दूसरी मंजील, एनेक्सभवन, सीएसएमटी मुंबई -400001 फोन - 022-22612355 निवीदाओं संबंधी संपूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा संबंधी संपूर्ण विवरण वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (कर्षण वितरण), दूसरी मंजील, एनेक्सभवन, सीएसएमटी मुंबई -400001 के "नोटिस बोर्ड" पर भी उपलब्ध है।
**वरि. मंडल विद्युत इंजिनीयर (क./वि.)**
**छ.शि.म.ट. मुंबई**
Apex-670
रेल्वे फाटक को बंद स्थिति में पार करना मना है

# हत्या और साजिश का मामला दर्ज

## पश्चिम बंगाल के चार लोगों के खिलाफ एफआईआर

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

मलाड के मालवानी पुलिस ने पश्चिम बंगाल के चार लोगों के खिलाफ हत्या और साजिश का मामला दर्ज किया है। यह एफआईआर पीड़ित की पत्नी द्वारा दर्ज कराई गई थी, जो आरोप लगाती हैं कि उनके पति की हत्या की गई है। वहीं, संदिग्धों का कहना है कि यह आत्महत्या का मामला था। यह मामला पिछले साल दिसंबर में बंगाल पुलिस द्वारा दर्ज की गई जीरो एफआईआर से उपजा है, जिसमें किसी भी पुलिस स्टेशन में अपराध दर्ज किया जा सकता है, भले ही घटना कहीं भी घटी हो। बाद में यह मामला मुंबई के मलाड में मालवानी पुलिस को ट्रांसफर कर दिया गया, जिन्होंने 7 जनवरी को एफआईआर दर्ज की।




### क्या है पूरा मामला ?

पीड़ित की पत्नी, जो मेदिनीपुर जिले (बंगाल) की निवासी हैं, ने 30 नवंबर, 2024 को बंगाल के सालबोनी पुलिस स्टेशन से संपर्क किया और शिकायत की कि उसके पति, जो मिठाई बनाने का काम करते थे, को चार लोग मुंबई ले गए थे। इन संदिग्धों की पहचान निमय सिंह, मायारानी सिंह, बापी सिंह और लोचन सिंह के रूप में की गई। महिला ने बताया कि उसके पति को दिवाली के दौरान काम के लिए मुंबई ले जाया गया था और आखिरी बार उसने अपने पति से 18 अक्टूबर को बात की थी, जब सब कुछ ठीक था। 19 अक्टूबर को मायारानी ने महिला को फोन करके बताया कि उसके पति ने आत्महत्या कर ली है। हालांकि, महिला ने शव को गांव भेजने का अनुरोध किया, लेकिन मायारानी ने कहा कि शव का अंतिम संस्कार पहले ही कर दिया गया है। इस पर महिला को संदेह हुआ और उसने 30 नवंबर को बंगाल पुलिस से शिकायत की। जब सालबोनी पुलिस स्टेशन ने मामले को दर्ज करने से इनकार किया, क्योंकि घटना मुंबई में हुई थी, तो महिला ने 4 दिसंबर को पश्चिम मेदिनीपुर के डीसीपी से संपर्क किया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद महिला ने अदालत में याचिका दायर की, जिसके बाद दिसंबर के आखिरी सप्ताह में अदालत ने सालबोनी पुलिस स्टेशन को मामले को दर्ज करने का आदेश दिया।

### मालवानी पुलिस की कार्रवाई

कोर्ट के आदेश के बाद बंगाल पुलिस ने जीरो एफआईआर दर्ज की और इसे मुंबई की मालवानी पुलिस को ट्रांसफर किया। मालवानी पुलिस स्टेशन के जाँच अधिकारी पीएसआई सचिन निकालजे ने कहा कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से पता चला है कि मृतक की मौत आत्महत्या से हुई है। उन्होंने बताया कि शव को सौंपने के समय पुलिस ने मृतक की पत्नी से संपर्क किया और उसे मुंबई आने का आग्रह किया। साथ ही, उसे यह भी बताया कि अगर उसे कोई चिंता है, तो वह पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कर सकती है। यह मामला हत्या और आत्महत्या के बीच असमंजस का बना हुआ है, और पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**
**मुख्य अभियंता (यांत्रिक एवं विद्युत) विभाग**
नं- ई.ई.मेक./3833/रेफ. दिनांक 09.01.2025
**ई-निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| विभाग | मुख्य अभियंता (एम एंड ई) |
| उप विभाग | उप मुख्य अभियंता (एम एंड ई) शहर/एक्स अभियंता यांत्रिक (रेफ्रिजरेशन) |
| बोली संख्या | 1) 2025_एमसीजीएम_1135100_1<br>2) 2025_एमसीजीएम_1135093_1 |
| विषय | 1) नायर अस्पताल की शल्य कौशल प्रयोगशाला में मौजूदा कोल्ड स्टोरेज इकाई की क्षमता वृद्धि का कार्य।<br>ई.ई. यांत्रिक/रेफ. /टी-49 दिनांक 09.01.2025<br>2) एलटीएमजी अस्पताल में वार्ड 41 में डक्टेबल सिस्टम की आउटडोर इकाइयों का स्थानांतरण और पुनःस्थापना।<br>ई.ई. मैकेनिज्म/रेफ./टी-50 दिनांक 09.01.2025 |
| बोली शुरू होने की तिथि और समय | 10.01.2025 सुबह 11:00 बजे |
| पूर्व बोली बैठक | -- |
| बोली समाप्ति तिथि और समय | 16.01.2025 शाम 16.00 बजे |
| वेबसाइट | http://portal.www.mcgm.gov.in |
| संपर्क अधिकारी का नाम | श्री.ए.के.जम्भोरे |
| लैंड लाइन नंबर | -- |
| मोबाइल नंबर | 9930128387 |
| ईमेल | eemechref.me@mcgm.gov.in |

हस्ता./-
पीआरओ/2181/विज्ञा./2024-25
ई.ई. मैक. (रेफ्रिजरेशन)
समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

**मध्य रेल**
**विभिन्न कार्य**
**खुली निविदा सूचना क्र.**
**BB.LD.585.W.870.CONT दिनांक 03-01-2025**

**कार्य का नाम :** मुंबई डिवीजन में 25KV TSS's Sp's, SSP's में मौजूदा SCADA प्रणाली के कॉनफिंगरेशन के साथ प्रोटेक्टिव स्कीम कंट्रोल और रिले पैनल का अपग्रेडेशन/बदलीकरण। **अनुमानित लागत :** रु. 34,79,48,500/- **बिड सिक्योरिटी :** रु. 18,89,800/- **ऑफर की वैधता :** 90 दिन **समापन अवधि :** 24 महीने। **निविदा फार्म का मूल्य :** रु.0। I) उक्त निविदा का, निविदा बंद करने की तारीख और समय : दिनांक **04-02-2025** को 11.00 बजे तक और 11.00 बजे के बाद खोला जाएगा। II) शुध्दिपत्रक के विवरण हेतुं अग्रदर्शी निविदाओं के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर भेट देने का अनुरोध है। III) केवल वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से उपर्युक्त इलेक्ट्रॉनिकलि ई-टेन्डर में निविदाधारक सहभाग ले सकते है और ई-टेन्डर के अलावा हस्तचलित प्रस्तुत करने का निवेदन देने की अनुमति नही है। हस्तचलित रुप से, यदि निविदा खुलने के बाद की प्रस्तुति का विचार नही किया जाएगा। IV) निविदा दस्तावेज में दिए गए विवरण के अनुसार बिड सिक्योरिटी का भुगतान किया जाना चाहिए। V) अतिरिक्त जानकारी के लिए संपर्क : वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (कर्षण वितरण), दूसरी मंजील, एनेक्सभवन, सीएसएमटी मुंबई -400001 फोन - 022-22612355 निवीदाओं संबंधी संपूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा संबंधी संपूर्ण विवरण वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (कर्षण वितरण), दूसरी मंजील, एनेक्सभवन, सीएसएमटी मुंबई -400001 के "नोटिस बोर्ड" पर भी उपलब्ध है।
**वरि. मंडल विद्युत इंजिनीयर (क./वि.)**
**छा.शि.म.ट. मुंबई**
Apex-671
रेल्वे फाटक को बंद स्थिति में पार करना मना है

संपादकीय

# बस्तर में नश्तर

छत्तीसगढ़ के माओवादी हिंसा से ग्रस्त बस्तर के इलाके में पत्रकारिता करना तलवार की धार पर चलने जैसा ही है क्योंकि उन्हें न केवल माओवादियों व पुलिस प्रशासन के कोप का भाजन बनना पड़ता है, बल्कि अपराधी राजनेताओं व ठेकेदारों की हिंसा का भी शिकार होना पड़ता है। इसी कड़ी में टीवी पत्रकार मुकेश चंद्राकर की क्रूरता से हत्या करने और शव को सेप्टिक टैंक में डालने की वीभत्स घटना सामने आई। हत्या की वजह मुकेश द्वारा माओवादी इलाके में एक सड़क निर्माण में धांधली उजागर करना बताया गया है। खबर बीते साल दिल्ली के एक बड़े चैनल से प्रसारित हुई थी, जिसके बाद राज्य सरकार ने इस मामले में जांच बैठाई थी। मुकेश की हत्या नये साल के पहले दिन की गई और तीन जनवरी को ठेकेदार द्वारा बनाये घरों के पुराने सेप्टिक टैंक से मुकेश का शव बरामद किया गया। बाद में मुख्य आरोपी सुरेश चंद्राकर को हैदराबाद से गिरफ्तार किया गया। दरअसल, ठेकेदार से राजनेता बने सुरेश चंद्राकर कांग्रेस के एक प्रकोष्ठ में राज्य स्तरीय पदाधिकारी रहे हैं। कहते हैं कि पिछले महाराष्ट्र चुनाव में वे एक विधानसभा के पर्यवेक्षक भी रहे हैं। जिसके चलते इस मुद्दे पर जमकर राजनीति हुई। एक ओर बीजेपी ने हत्यारे पर कांग्रेस पार्टी से जुड़े होने का आरोप लगाया तो कांग्रेस ने राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था का मुद्दा उठाया। इस मुद्दे पर दोनों तरफ से खूब बयानबाजी हुई। लेकिन इसके बावजूद एक हकीकत यह है कि पत्रकारों को केवल माओवादियों व सुरक्षाबलों के गुस्से का ही शिकार नहीं होना पड़ता, उन्हें ठेकेदारों, राजनेताओं व अन्य अपराधी तत्वों की हिंसा का भी शिकार होना पड़ता है। उन्हें निर्भीक पत्रकारिता की कीमत जान देकर चुकानी पड़ती है। कहने को तो मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कह रहे हैं कि वे स्थिति से परिचित हैं और पत्रकारों के साथ खड़े हैं। लेकिन व्यवहार में पत्रकारों की सुरक्षा राम भरोसे ही है। उल्लेखनीय है कि ठेकेदार की क्रूरता का शिकार हुए मुकेश को पहले माओवादियों ने पुलिस- सरकार का आदमी बताकर धमकाया था। परिजनों का आरोप है कि माओवादियों की धमकी भरी चिट्ठी से पहले सुरक्षा बलों ने मुकेश समेत कुछ अन्य पत्रकारों पर बंदूक तानकर धमकाया था। जिसकी रिपोर्ट भी मुकेश ने बनायी थी। इससे कुछ माह पूर्व बीजापुर के एसडीएम ने मुकेश समेत कुछ पत्रकारों को माओवादी हिंसा की खबर प्रकाशित करने पर नोटिस देकर जवाब मांगा था। वहीं बीजापुर में कांग्रेस अध्यक्ष ने खबरों में पक्षपात के आरोप लगाकर मुकेश समेत कुछ पत्रकारों का बहिष्कार पत्र जारी किया था। घटनाक्रम का दुखद पहलू यह है कि मुकेश की हत्या माओवादियों, सुरक्षा बल या किसी राजनीतिक दल ने नहीं बल्कि एक ऐसे भ्रष्ट ठेकेदार ने की है, जो मुकेश का रिश्तेदार भी था। निश्चय ही यह घटना अन्य पत्रकारों के लिये लगातार असुरक्षित होते हालात की तरफ भी इशारा करती है। कुछ साल पहले बीजापुर में पत्रकार साईं रेड्डी की हत्या कर दी गई थी। जिसे पहले पुलिस ने छत्तीसगढ़ जन सुरक्षा कानून में जेल भेज दिया था और बाद में माओवादियों ने उसकी हत्या कर दी थी। बाद में पत्रकारों के आंदोलन के बाद माओवादियों ने खेद जताया कि यह शीर्ष नेतृत्व का फैसला नहीं था। उल्लेखनीय है कि सुकमा के पत्रकार नेमीचंद की भी माओवादियों ने पुलिस की मदद करने वाला बताकर हत्या कर दी थी। बहरहाल, बस्तर के पत्रकार चौतरफा हमलों के निशाने पर हैं जबकि उनके संस्थानों से उन्हें पर्याप्त पैसा व सुरक्षा तक नहीं मिलती। माओवादियों, पुलिस व प्रशासन के नजले का शिकार होते पत्रकारों की सुरक्षा के लिये बना कानून भी निष्प्रभावी नजर आ रहा है। अब राज्य सरकार विधानसभा में पत्रकार सुरक्षा कानून पेश करने की बात कर रही है।

# हिमालयी क्षेत्र में भूकंपीय सुरक्षा की चुनौती

नए साल के पहले सप्ताह में तिब्बत के शिगात्से क्षेत्र में 7 तीव्रता का भूकंप आया, जिसके झटके उत्तर भारत और हिमालयी राज्यों में महसूस हुए। यह भूकंप इन क्षेत्रों के लिए एक चेतावनी है, क्योंकि हिमालयी राज्य भूकंपीय संवेदनशीलता के लिहाज से जोन पांच और चार में आते हैं, जो सर्वाधिक संवेदनशील क्षेत्र माने जाते हैं। भूकंप वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि पिछले 100 सालों में इस क्षेत्र में 8 तीव्रता का बड़ा भूकंप नहीं आया है, जिससे धरती के अंदर बहुत अधिक भूगर्भीय ऊर्जा जमा हो चुकी है। यह ऊर्जा कभी भी घातकता के साथ निकल सकती है। भूकंप को रोका नहीं जा सकता, लेकिन सतर्कता और जागरूकता से सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है। राष्ट्रीय भूकम्प विज्ञान केन्द्र की वेबसाइट में 8 जनवरी के दिन सिक्किम में 2.8 से लेकर 4.9 तीव्रता तक के 24 भूकम्पों के रिकार्ड किये जाने का उल्लेख है। 7 जनवरी को भी इतने ही भूकम्प सिक्किम में दर्ज हुए थे। इस साल पहली जनवरी से लेकर 8 जनवरी तक मणिपुर, हिमाचल प्रदेश के डोडा, मध्य प्रदेश के सिंगरौली और गुजरात के कच्छ आदि में दर्जनों भूचाल दर्ज हुए। लोकसभा में 6 दिसम्बर, 2023 को पृथ्वी विज्ञान मंत्री द्वारा दिये गये एक वक्तव्य के अनुसार उत्तर भारत और नेपाल में आने वाले भूकम्पों की संख्या निरन्तर बढ़ती जा रही है। इसका मुख्य कारण पश्चिमी नेपाल में अल्मोड़ा फॉल्ट का सक्रिय होना है। वैज्ञानिक पहले ही एमसीटी जैसे भ्रंशों के आसपास खतरे की चेतावनी देते रहते हैं। भारत का हिमालयी क्षेत्र अपनी भूगर्भीय रचना के कारण सदैव भूकंप से अत्यधिक प्रभावित रहा है। हिमालयी क्षेत्र भौतिक दृष्टि से पृथ्वी की सबसे संवेदनशील जगहों में से एक है। हिमालय को सबसे युवा और नाजुक पहाड़ माना जाता है। यह क्षेत्र यूरेशियाई और भारतीय प्लेटों के बीच स्थित है, जहां दोनों प्लेटें एक-दूसरे से टकराती हैं। यह टक्कर ही भूकंप के मुख्य कारणों में से एक है। भूगर्भीय इतिहास के अनुसार भारतीय उपमहाद्वीप मूल रूप से एक द्वीप था जो लगभग 50 मिलियन वर्ष पहले एशिया के साथ टकराया और इस प्रक्रिया में हिमालय का निर्माण हुआ। इस टक्कर के कारण पृथ्वी की सतह पर तीव्र दबाव और तनाव उत्पन्न हुआ, जो अब भी भूकंप का कारण बनता है। भारतीय और यूरेशियाई प्लेटों की टक्कर निरंतर जारी है, परिणामस्वरूप बड़ी मात्रा में भूगर्भीय ऊर्जा उत्पन्न होती है, जो अचानक भूकंप के रूप में पृथ्वी की सतह को हिलाती है। हिमालयी क्षेत्र अत्यधिक ऊंचाई पर स्थित है, जहां भूमि की संरचना में लगातार परिवर्तन हो रहा है। भूकंप के झटके इन पहाड़ों की संरचना में उथल-पुथल पैदा करते हैं। पहाड़ी इलाकों में खनन, जलविद्युत परियोजनाएं और अन्य निर्माण गतिविधियां भी भूकंपीय गतिविधियों को उत्तेजित कर सकती हैं। इन गतिविधियों से भूमि के भीतर



दबाव बढ़ता है, जिससे भूकंप के झटके महसूस हो सकते हैं।

**जयसिंह रावत**

उत्तराखंड और हिमालयी क्षेत्र में पिछले लगभग 100 वर्षों से अधिक समय से कोई बड़ा भूकंप (8.0 तीव्रता का) नहीं आया है। हिमालय क्षेत्र में आखिरी बार 8.0 तीव्रता का बड़ा भूकंप 1934 (नेपाल-बिहार भूकंप) और 1950 (असम भूकंप) में आया था। यह स्थिति 'सेस्मिक गैप' कहलाती है। भूविज्ञानियों के अनुसार इस गैप के कारण बड़ी मात्रा में भूगर्भीय ऊर्जा संचित हो रही है। इस ऊर्जा के लंबे समय तक रिलीज न होने से भविष्य में बड़े भूकंप की संभावना बढ़ गयी है। ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में देखा जाये तो 1803 में गढ़वाल में भूकंप आया था, जिसकी तीव्रता 7.5 से अधिक थी और इसने व्यापक तबाही मचाई थी। उसके बाद भयंकर अकाल पड़ा। इसके बाद 1905 में कांगड़ा भूकंप आया जिसकी तीव्रता 7.8 थी, उसने भी हिमालय क्षेत्र में बड़ी तबाही मचाई। सन् 1950 के असम-तिब्बत भूकंप की तीव्रता 8.6 थी। यह हिमालय में दर्ज सबसे बड़ा भूकंप था, लेकिन उत्तराखंड इससे बचा रहा। उत्तराखंड के गढ़वाल और कुमाऊं क्षेत्र लगभग 100 वर्षों से बड़े भूकंप से अछूते हैं, जिससे वैज्ञानिक मानते हैं कि इस 'सेस्मिक गैप' के कारण इतनी भूगर्भीय ऊर्जा संचित हो चुकी है कि जो एक साथ बाहर निकल गयी तो विध्वंसकारी हो सकती है। फलतः, भूकंप-रोधी तकनीकों का उपयोग और आपदा प्रबंधन की तैयारियां अत्यंत आवश्यक हैं।

भारत सरकार ने 'भारतीय मानक 1893' जैसे निर्माण मानकों को लागू किया है, जो भूकंप-रोधी संरचनाओं के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इसके अलावा विभिन्न वैज्ञानिक शोधों के माध्यम से कुछ भूकंपीय गतिविधियों का पूर्वानुमान किया जा सकता है। इसके लिए उपग्रहों और अन्य आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जा सकता है। भारत में भूकंपीय नेटवर्क को मजबूत करना और इससे जुड़ी चेतावनी प्रणालियों को विकसित करना महत्वपूर्ण है।

भूकंप की स्थिति में नागरिकों को किस तरह से प्रतिक्रिया करनी चाहिए, यह जानना अत्यधिक आवश्यक है। स्कूलों, कार्यालयों और समुदायों में भूकंप सुरक्षा को लेकर नियमित प्रशिक्षण और अभ्यास आयोजित करना चाहिए। इसके अलावा, भूकंप-रोधी किट्स जैसे पानी, भोजन, प्राथमिक चिकित्सा सामग्री और अन्य जरूरी सामान को तैयार रखना चाहिए। हिमालयी क्षेत्रों में सड़कों, पुलों और अन्य महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की मजबूती को बढ़ाना चाहिए, ताकि भूकंप के दौरान इनका गिरना या क्षतिग्रस्त होना कम हो। साथ ही, पुराने ढांचों की मरम्मत और पुनर्निर्माण जरूरी है।

**जीवन मंत्र** जे कृष्णमूर्ति

# ऐसी दुनिया में कैसे जिएं

> यकीनन, यह कोई नया जीवन नहीं होगा। इसलिए पहला सवाल तो यही है कि आप एक नया जीवन चाहते हैं या पुरानी जिंदगी में अनवरत सुधार के आग्रही हैं, या पुराने जीवन को समझना चाहते हैं? दरअसल, आपका मूल प्रश्न है कि ऐसी दुनिया में कैसे जिएं?

एक सुधी सज्जन ने मुझसे कहा कि 'मैं हतप्रभ हूं। मुझे नहीं पता चल रहा कि क्या करना है, कैसे जीना है? मेरा हरेक चीज से भरोसा उठ गया है- धर्म, दर्शन, राजनीतिक कल्पना-लोक, सबसे! व्यक्ति-व्यक्ति के बीच लड़ाई छिड़ी है, देश-देश के मध्य युद्ध जारी हैं। इस अनुदार समाज में हरेक चीज की अनुमति है- हत्या, दंगे, एक देश द्वारा दूसरे का उत्पीड़न, और कोई कुछ नहीं कर रहा, क्योंकि हस्तक्षेप करने का मतलब है अगला विश्व युद्ध! इन सबसे जूझते हुए यह समझ ही नहीं आ रहा कि मुझे क्या करना चाहिए; आखिर इस दुनिया में मुझे कैसे जीना है?'

मैंने उनसे कहा, आप क्या चाह रहे हैं- एक अलग जीवन या एक नया जीवन, जो पुराने जीवन की समझ से मिलता है? यदि आप इस भ्रम की वजह को समझे बिना एक अलग जीवन चाहते हैं, तो आप हमेशा विरोधाभास में, संघर्ष में और भ्रम में रहेंगे। यकीनन, यह कोई नया जीवन नहीं होगा। इसलिए पहला सवाल तो यही है कि आप एक नया जीवन चाहते हैं या पुरानी जिंदगी में अनवरत सुधार के आग्रही हैं, या पुराने जीवन को समझना चाहते हैं? दरअसल, आपका मूल प्रश्न है कि ऐसी दुनिया में कैसे जिएं? इससे पहले



आपको समझना होगा कि यह दुनिया क्या है? दुनिया केवल वही सब नहीं है, जो हमें घेरे हुए हैं; यह उन सभी चीजों, लोगों, विचारों, अवधारणाओं के साथ हमारा संबंध भी है, यानी संपत्ति के साथ हमारा रिश्ता, लोगों के साथ हमारा संबंध, विचारों से हमारा नाता, इन सबको जीवन कहते हैं। यह दुनिया है। हम राष्ट्रीयताओं, धार्मिक, आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक और जातीय समूहों में विभाजन देखते हैं; पूरी दुनिया टूट गई है और यह बाहर से उतनी ही खंडित है, जितना इसमें जीने वाले मनुष्य भीतर से हैं। वास्तव में, यह बाहरी विखंडन मनुष्य के आंतरिक विभाजन की अभिव्यक्ति है।

आप इंसान हो! आप यहां से कहां जाएंगे? कहीं मत जाइए। आप जिसे बेहतर समझते हैं, उस आदर्श की तलाश कीजिए, उसकी तरफ बढ़िए। यह खोज आपको एहसास दिलाएगा कि आप प्रगति कर रहे हैं; आप एक बेहतर दुनिया की ओर बढ़ रहे हैं... किसी संघर्ष, भ्रम, ईर्ष्या, लोभ दीवार के उस पार नहीं है; शुरुआत और अंत यहीं है। यदि आप यह समझते हैं कि हत्या करना भयानक है, तो क्या आपके पास हत्या न करने के लिए कोई आदर्श होना चाहिए? जब हम कहते हैं कि हम समझते हैं, तो इसमें यह निहित है कि हमने वह सब कुछ जान-सीख लिया है, जो उसके बारे में कहना है। हमने उसकी सच्चाई या उसके झूठ की खोज की है। यह हमेशा याद रखिए कि मन और हृदय में जब पूर्ण सामंजस्य स्थापित होता है, तभी समझ बनती है।

**शख्सियत** डॉ. के.जे. येसुदास

# येसुदास ने चेन्नई में थारंगीनी संगीत कंपनी की स्थापना की



के.जे. येसुदास का जन्म 10 जनवरी, 1940 को केरला के फोर्ट कोच्चि में हुआ था। उनके पिता अगस्टिन जोसेफ एक प्रसिद्ध मलयालम शास्त्रीय संगीतकार और उस युग के मंच पर अभिनय करने वाले अभिनेता थे। उनके पिता ही उनके पहले गुरु (शिक्षक) थे। गायन के लिए उनकी प्रतिभा तभी स्पष्ट हो गई थी जब वह त्रिपुनित्तरा में संगीत अकादमी में शामिल हो गए और सात साल की उम्र में फोर्ट कोची में आयोजित होने वाली स्थानीय प्रतियोगिता में संगीत के लिए स्वर्ण पदक जीता।

के.जे. येसुदास एक मलयाली भारतीय शास्त्रीय संगीतकार हैं और भारतीय फिल्मों के एक प्रसिद्ध प्लेबैक गायक हैं। येसुदास को प्रख्यात संगीतकार चेम्बई वैद्यनाथ भागवतार ने प्रशिक्षण दिया, जिनके प्रशिक्षण ने येसुदास के चमकदार संगीत कैरियर के लिए नींव स्थापित की। हालांकि, कर्नाटक संगीत के विशेषज्ञ होने के साथ वह हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत में भी कुशल हैं। उन्होंने सुंदर गीतों को प्रस्तुत करने के लिए दोनों कर्नाटक संगीत और हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत को मिलाया, उन्होंने अपने लंबे और शानदार कैरियर के दौरान रूसी, अरबी, लैटिन और अंग्रेजी गाने भी गाए। 1960 के दशक के मध्य में येसुदास ने प्लेबैक गायन शुरू किया। सबसे पहले उन्होंने कोलीवुड की फिल्मों में गायन शुरू किया, और कुछ समय बाद उन्होंने 1970 के दशक के मध्य के दौरान बॉलीवुड में प्लेबैक गायन भी शुरू किया। उन्होंने सात बार सर्वश्रेष्ठ गायक के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीता। येसुदास ने अपनी संगीत कला का पूरे विश्व में प्रदर्शन किया है, मध्य पूर्व में उन्होंने कर्नाटक शैली में अरबी गीतों को प्रस्तुत किया। वह असंख्य प्रदर्शनों के माध्यम से विदेशों में भारतीय संगीत को बढ़ावा देते रहे है। उनके इस अद्भुत प्रयास के लिए उन्हें केरल राज्य के अस्थाना गायकान (आधिकारिक गायक) का नाम दिया गया है। उनको भारत के राष्ट्रपति द्वारा 1973 में पद्म श्री और 2002 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। सोवियत संघ सरकार द्वारा डॉ. के.जे. येसुदास को पूर्व सोवियत संघ में संगीत समारोहों में प्रदर्शन करने के लिए आमंत्रित किया गया था। 1970 में उन्होंने केरल के संगीत नाटक अकादमी का नेतृत्व किया, जो अकादमी के इतिहास में पद धारण करने वाले सबसे कम उम्र के व्यक्ति थे। 1970 में, येसुदास ने चेन्नई में थारंगीनी संगीत कंपनी की स्थापना की। यह स्टीरियो प्रभाव के साथ मलयालम फिल्म गाने दर्ज करने का एक अग्रणी प्रयास था। अभी तक स्टूडियो में डॉ. के.जे. येसुदास की उच्च गुणवत्ता वाली रिकॉर्डिंग का उत्पादन जारी है।


**जीवन ऊर्जा** डोनाल्ड एर्विन नुथ : जन्म- 10 जनवरी 1938 **जन्म**

# कम में ज्यादा काम करना अधिक फायदेमंद है

> डोनाल्ड एर्विन नुथ एक अमेरिकी कंप्यूटर वैज्ञानिक और गणितज्ञ हैं। वह स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय में एमेरिटस प्रोफेसर हैं। वह 1974 में एसीएम ट्यूरिंग पुरस्कार के प्राप्तकर्ता हैं, जिसे अनौपचारिक रूप से कंप्यूटर विज्ञान का नोबेल पुरस्कार माना जाता है। नुथ को 'एल्गोरिदम के विश्लेषण का जनक' कहा गया है। उनका जन्म 10 जनवरी 1938 मिल्वौकी, विस्कॉन्सिन, यू.एस में हुआ था।

प्रोग्रामिंग दूसरे इंसान को यह बताने की कला है कि वह कंप्यूटर से क्या करवाना चाहता है। कंप्यूटर प्रोग्रामिंग एक कला है, क्योंकि यह संचित ज्ञान को दुनिया पर लागू करता है। इसमें कौशल और सरलता की आवश्यकता होती है और विशेष रूप से, क्योंकि यह सौंदर्य की वस्तुओं का उत्पादन करता है।

एक प्रोग्रामर जो अवचेतन रूप से खुद को एक कलाकार के रूप में देखता है, वह जो करेगा उसका आनंद उठाएगा और उसे बेहतर ढंग से करेगा। हालांकि, हमेशा याद रखें कि आमतौर पर किसी चीज़ को करने का पहला तरीका जो आपके दिमाग में आता है, उससे कहीं अधिक सरल और बेहतर



तरीका होता है। हमें छोटी-छोटी दक्षताओं के बारे में भूल जाना चाहिए, लगभग 97% मामलों में समय से पहले अनुकूलन सभी बुराइयों की जड़ है। प्रोग्राम मनुष्यों द्वारा पढ़ने के लिए होते हैं और केवल संयोगवश कंप्यूटर द्वारा निष्पादित किए जाने के लिए होते हैं। कंप्यूटर निर्देशों का पालन करने में तो अच्छे हैं, लेकिन आपके दिमाग को पढ़ने में नहीं।

विज्ञान वह है जिसे हम कंप्यूटर को समझाने के लिए पर्याप्त रूप से समझते हैं। कला वह सब कुछ है जो हम करते हैं। कम में ज्यादा काम करना अधिक फायदेमंद है। सभी बुराईयो की जड़ समयपूर्व इष्टतमीकरण है। मुझे लगता है कि रोजमर्रा की जिंदगी प्रोग्रामिंग की तरह है। यदि आपको कोई चीज़ पसंद है तो आप उसमें सुंदरता डाल सकते हैं।

**सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश**



# क्यों कहा जाता है प्रयागराज को तीर्थराज?

(भाग 3)

कुंभ पर्व प्रत्येक 12 वर्ष पर आता है। प्रत्येक 12 वर्ष पर आने वाले कुंभ पर्व को अब शासन स्तर से महाकुंभ और इसके बीच छह वर्ष पर आने वाले पर्व को कुंभ की संज्ञा दी जा रही है। पुराणों में कुंभ की अनेक कथाएं मिलती हैं।



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

भारतीय जनमानस में तीन कथाओं का विशेष महत्व कुंभ पर्व के संदर्भ में पुराणों में तीन अलग-अलग कथाएं मिलती हैं। प्रथम कथा के अनुसार कश्यप ऋषि का विवाह दक्ष प्रजापति की पुत्री दिति और अदिति के साथ हुआ था। अदिति से देवों की उत्पत्ति हुई तथा दिति से दैत्य पैदा हुए। एक ही पिता की संतान होने के कारण दोनों ने एक बार संकल्प लिया कि वे समुद्र में छिपी हुई बहुत सी विभूतियों एवं संपत्तियों को प्राप्त कर उसका उपयोग करें।

इस प्रकार समुद्र मंथन एकमात्र उपाय था। समुद्र मंथन उपरांत 14 रत्न प्राप्त हुए, जिनमें से एक अमृत कलश भी था। इस अमृत कलश को प्राप्त करने के लिए देवताओं और दैत्यों के बीच युद्ध छिड़ गया, क्योंकि उसे पीकर दोनों अमृत की प्राप्ति करना चाह रहे थे।



स्थिति बिगड़ते देख देवराज इंद्र ने अपने पुत्र जयंत को संकेत किया और जयंत अमृत कलश लेकर भाग चला। इस पर देवों ने उसका पीछा किया पीछा करने पर देवताओं और दैत्यों के बीच 12 दिनों तक भयंकर संघर्ष के दौरान अमृत कुंभ को सुरक्षित रखने में बृहस्पति सूर्य और चंद्रमा ने बड़ी सहायता की और उनके हाथों में जाने से कुंभ को बचाया। सूर्य भगवान ने कुंभ की फूटने से रक्षा की और चंद्रमा ने अमृत छलकने नहीं दिया फिर भी संग्राम के दौरान मची उथल-पुथल से अमृत कुंभ से चार बूंदें छलक ही गईं। यह अलग-अलग चार स्थानों पर गिरीं इनमें से एक गंगा तट हरिद्वार में दूसरी त्रिवेणी संगम प्रयागराज में तीसरी क्षिप्रा तट उज्जैन में और चौथी गोदावरी तट नासिक में, इस प्रकार इन चारों स्थानों पर अमृत प्राप्ति की कामना से कुंभ पर्व मनाया जाने लगा। कुंभ की कथाओं के अनुसार देवता और व्यक्तियों में 12 दिनों तक जो संघर्ष चला था, उस दौरान अमृत कुंभ से अमृत की बूंदें जिन स्थानों पर गिरी थीं, वहां-वहां कुंभ मेला लगता है, क्योंकि देवों के इन 12 दिनों को 12 मानवी वर्षों के बराबर माना गया है। इसलिए कुंभ पर्व का आयोजन 12 वर्षों पर होता है। जिस दिन अमृत कुंभ गिरने वाली राशि पर सूर्य चंद्रमा और बृहस्पति का संयोग हो, उस समय पृथ्वी पर कुंभ होता है। राशि विशेष में सूर्य और चंद्रमा के स्थित होने पर उक्त चारों स्थानों पर शुभ प्रभाव के रूप में अमृत वर्षा होती है और यही वर्षा श्रद्धालुओं के लिए पुण्यदायी मानी गई है।

(क्रमशः)

## अपने विचार

इंडिया अलायंस लोकसभा चुनाव तक ही था तो इसे खत्म कर देना चाहिए। इसके पास न कोई एजेंडा है और न ही कोई लीडरशिप। लोकसभा चुनाव के बाद इसकी कोई बैठक नहीं हुई है।



**-उमर अब्दुल्ला**, मुख्यमंत्री, जम्मू-कश्मीर

पहले मोहम्मद यूनुस और उनके छात्र समर्थकों ने शेख हसीना को सत्ता से बाहर किया और अब चुनाव नहीं करा कर ये बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी को भी रास्ते से हटाना चाहते हैं।



**-सलाहुद्दीन शोएब चौधरी,** पत्रकार

6 महीने पहले रोहित और कोहली नविश्व कप जिता के आए हैं। तुम दोनों पर ही दोष दोगे। आप ये बताओ कि भारत के शीर्ष-5 बल्लेबाजों ने किसने निरंतर रन बनाए हैं। क्रिकेट एक टीम गेम है और इसमें किसी पर दोष मढ़ना आसान है।



**-नवजोत सिंह सिद्धू,** पूर्व भारतीय क्रिकेटर

कभी-कभी यह वास्तव में परेशान करने वाली बात बन जाती है, क्योंकि मुझे अपनी आजादी बहुत पसंद है। मुझे वे दिन याद आते हैं, जब मैं बिना किसी चिंता के सड़कों पर घूम-फिर सकती थी। बिना मास्क लगाए निकलती थी



**-तृप्ति डिमरी,** अभिनेत्री

**अपने विचार**

**डीबीडी कार्यालय**

ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

15 जनवरी को समुद्री बेड़े में शामिल होगी

# नौसेना को मिली स्वदेशी 'वाग्शीर' पनडुब्बी

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

स्वदेशी रूप से निर्मित प्रोजेक्ट 75 की छठी स्कॉर्पीन श्रेणी की पनडुब्बी आईएनएस वाग्शीर गुरुवार को नौसेना को मिल गई, जिसे 15 जनवरी को भारतीय समुद्री बेड़े में शामिल किया जाएगा। मुंबई के शिपयार्ड मझगांव डॉक लिमिटेड (एमडीएल) ने आज पनडुब्बी की डिलीवरी के साथ इतिहास रच दिया। पनडुब्बी का निर्माण अत्याधुनिक तकनीक और भारत सरकार की 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत किया गया है, जिसमें सभी तरह के घातक हमलों के लिए भारी-भरकम सेंसर और हथियार लगे हैं।

## पनडुब्बी की डिलीवरी एमडीएल की व्यावसायिकता, विशेषज्ञता और जटिल युद्ध प्लेटफार्मों के निर्माण में अनुभव का प्रमाण



आईएनएस वाग्शीर (एस 26) भारतीय नौसेना के लिए छह कलवरी श्रेणी की पनडुब्बियों के पहले बैच की छठी और अंतिम पनडुब्बी है। यह स्कॉर्पीन श्रेणी पर आधारित एक डीजल-इलेक्ट्रिक अटैक पनडुब्बी है, जिसे फ्रांसीसी नौसेना रक्षा और ऊर्जा समूह नेवल ग्रुप ने डिजाइन और मुंबई के शिपयार्ड मझगांव डॉक लिमिटेड ने निर्मित किया है। आज नौसेना को पनडुब्बी की आपूर्ति के दस्तावेज पर एमडीएल के सीएमडी संजीव सिंघल और सीएसओ (तकनीक) रियर एडमिरल आर. अधी श्रीनिवासन ने भारतीय नौसेना के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। इस पनडुब्बी की डिलीवरी एमडीएल की व्यावसायिकता, विशेषज्ञता और जटिल युद्ध प्लेटफार्मों के निर्माण में अनुभव का प्रमाण है, जो भारतीय नौसेना की ताकत को काफी हद तक बढ़ाती है।

## पनडुब्बी में दुश्मन के रडार से बचने की है क्षमता

स्वदेशी रूप से निर्मित पनडुब्बी की डिलीवरी के साथ एमडीएल ने पी75 परियोजना को पूरा करके देश में एकमात्र शिपयार्ड के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत किया है, जिसके पास पारंपरिक पनडुब्बी का निर्माण करने की सिद्ध क्षमता है। इसमें दुश्मन के रडार से बचने, क्षेत्र की निगरानी, खुफिया जानकारी जुटाने, पानी के अंदर या सतह पर एक ही समय में 18 टारपीडो और ट्यूब-लॉन्च एंटी-शिप मिसाइलों के साथ सटीक निर्देशित हथियारों का उपयोग करके दुश्मन पर विनाशकारी हमला करने की क्षमता है। स्टील्थ प्रौद्योगिकी सक्षम कलवरी श्रेणी की यह पनडुब्बी 221 फीट लंबी, 40 फीट ऊंची है। समुद्र की सतह पर इसकी गति 20 किमी प्रति घंटा और नीचे 37 किमी प्रति घंटा है। इसमें 50 दिनों के लिए 350 मीटर पानी के नीचे डूबने की सीमा है।

## पनडुब्बी को सभी ऑपरेशन थियेटर में काम करने के लिए किया गया है डिजाइन


आईएनएस वाग्शीर का नाम रेत मछली के नाम पर रखा गया है, जो हिंद महासागर में गहरे समुद्र में रहने वाली एक शिकारी मछली है। पनडुब्बी को सभी ऑपरेशन थियेटर में काम करने के लिए डिजाइन किया गया है और यह नौसेना टास्क फोर्स के अन्य घटकों के साथ अंतर-संचालन योग्य है। पनडुब्बी वाग्शीर का विस्थापन 1,600 टन होगा, जिसमें सभी घातक प्रहार के लिए भारी-भरकम सेंसर और हथियार लगे हैं। इसे एंटी-सरफेस वॉरफेयर, एंटी-सबमरीन वारफेयर और विशेष अभियानों सहित कई तरह के मिशनों को अंजाम देने के लिए डिजाइन किया गया है।

# महावितरण की लकी डिजिटल ग्राहक योजना

## बिजली बिल का ऑनलाइन भुगतान करके प्राप्त करें पुरस्कार

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महावितरण ने अपने उपभोक्ताओं को ऑनलाइन बिजली बिल भुगतान के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से लकी डिजिटल ग्राहक योजना की शुरुआत की है। इस योजना के तहत सभी निम्न-वोल्टेज बिजली उपभोक्ता जो अपने बिजली बिलों का भुगतान ऑनलाइन करते हैं, वे योजना के पात्र होंगे। यह योजना 1 जनवरी से 31 मई 2025 तक लागू रहेगी, और इसके तहत ग्राहक जो लगातार तीन या अधिक बिजली बिलों का भुगतान ऑनलाइन करेंगे, वे पुरस्कार के लिए योग्य होंगे। वर्तमान में कल्याण और भांडुप सर्किलों में लगभग 80 प्रतिशत उपभोक्ता डिजिटल माध्यम से बिल भुगतान करते हैं। यह योजना शेष 20 प्रतिशत उपभोक्ताओं को ऑनलाइन भुगतान के लिए प्रेरित करेगी।




### पुरस्कार और लकी ड्रॉ

इस योजना का लाभ उन ग्राहकों को मिलेगा, जिन्होंने 1 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 के बीच अपना कोई भी बिजली बिल ऑनलाइन नहीं चुकाया है। लकी ड्रॉ के माध्यम से आकर्षक पुरस्कार जैसे स्मार्टफोन और स्मार्ट घड़ियाँ वितरित की जाएंगी। महावितरण ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने बिजली बिलों का ऑनलाइन भुगतान करके लकी डिजिटल उपभोक्ता योजना का लाभ उठाएं।

### ऑनलाइन भुगतान से छूट

महावितरण ने यह भी बताया कि ग्राहक अपनी सुविधानुसार महावितरण की वेबसाइट, मोबाइल ऐप और अन्य डिजिटल माध्यमों से ऑनलाइन भुगतान करके 0.25 प्रतिशत की छूट भी प्राप्त कर सकते हैं।

### लकी ड्रॉ की प्रक्रिया

महावितरण के प्रत्येक संभाग स्तर पर तीन लकी ड्रॉ आयोजित किए जाएंगे। अप्रैल, मई और जून 2025 के प्रत्येक महीने में एक लकी ड्रॉ। प्रत्येक लकी ड्रा में पांच विजेताओं को स्मार्टफोन और स्मार्ट घड़ियाँ प्रदान की जाएंगी।

### डिजिटल भुगतान विकल्प

ग्राहकों को नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, यूपीआई, वॉलेट, कैश कार्ड, एनएसीएच, क्यूआर कोड, एनईएफटी, आरटीजीएस जैसे विभिन्न डिजिटल भुगतान विकल्पों के माध्यम से अपनी राशि चुकाने की सुविधा दी गई है।

# देवेंद्र फडणवीस से मिले उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

## आदित्य ठाकरे ने सीएम से 'वॉटर फॉर ऑल' योजना पर चर्चा की



शिवसेना (यूबीटी) के नेता और पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे ने गुरुवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सीएम के सामने कुछ महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए। इसके बाद आदित्य ठाकरे ने मीडिया से बात की। उन्होंने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात पर कहा कि आज हमने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से बातचीत की और विनती की है कि जो 'वॉटर फॉर ऑल' योजना है, जिसे हम लेकर आए थे उस पर वे वापस अमल करें। पिछली सरकार ने इस योजना को 'स्थगित' कर दिया था। हम चाहते हैं कि मुंबई के हर घर को पानी मिलना चाहिए।

### दिल्ली चुनाव पर क्या बोले आदित्य ठाकरे?

एक सवाल के जवाब में आदित्य ठाकरे ने कहा कि हमने पहले भी कहा है कि अच्छे कामों और जनता के हितों के कामों में हम सत्ता पक्ष का साथ देंगे। जनता के कामों के लिए साथ आना जरूरी है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि सीएम के साथ सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों के जो विषय थे उन पर चर्चा की गई। दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के लिए काम किया है और दिल्ली का जो चेहरा बदला है, उसे कोई नकार नहीं सकता है। उसे तो स्वीकार करना ही चाहिए।

### पृथ्वीराज चव्हाण के बयान पर प्रतिक्रिया

कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण के बयान पर भी आदित्य ठाकरे ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि पृथ्वीराज चव्हाण ने सही कहा है। दिल्ली में अरविंद केजरीवाल जीतने चाहिए। दरअसल आठ जनवरी को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने एक न्यूज एजेंसी से बात करते हुए दिल्ली विधनसभा चुनाव को लेकर कहा था कि दिल्ली के चुनाव बहुत महत्वपूर्ण हैं। शायद अरविंद केजरीवाल फिर से चुनाव जीत जाएंगे। हालांकि, अपने टिप्पणी पर उन्होंने गुरुवार को सफाई दी।

# पश्चिम रेलवे बांद्रा टर्मिनस एवं गोरखपुर के बीच चलाएगी सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा अतिरिक्त भीड़ के मद्देनज़र उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से बांद्रा टर्मिनस और गोरखपुर स्टेशनों के बीच विशेष किराए पर सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी विनीत अभिषेक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी।

### बांद्रा टर्मिनस-गोरखपुर सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल (अनारक्षित)

ट्रेन संख्या 05054 बांद्रा टर्मिनस-गोरखपुर स्पेशल प्रत्येक शनिवार को बांद्रा टर्मिनस से 21.20 बजे प्रस्थान करेगी और सोमवार को 06.45 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। यह ट्रेन 15 फरवरी, 2025 से अगली सूचना तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 05053 गोरखपुर-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल प्रत्येक शुक्रवार को गोरखपुर से 07.50 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 18.00 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन 14 फरवरी, 2025 से अगली सूचना तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, सूरत, वडोदरा, रतलाम, शामगढ़, भवानी मंडी, कोटा, गंगापुर सिटी, बयाना, आगरा फोर्ट, टूंडला, कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बादशाह नगर, गोंडा, बस्ती और खलीलाबाद स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में द्वितीय श्रेणी के सामान्य कोच होंगे।

# म्हाडा योजना के अंतर्गत आरक्षित सड़कों का नगरपालिका को हस्तांतरण

दीपक पवार | मुंबई

महाराष्ट्र गृह निर्माण और क्षेत्र विकास प्राधिकरण (म्हाडा) के उपाध्यक्ष और सीईओ संजीव जायसवाल ने बृहन्मुंबई नगर निगम की विकास योजना में आरक्षित सार्वजनिक सड़कों को म्हाडा के अधिकार क्षेत्र में आने वाली भूमि पर तत्काल स्थानांतरित करने के महत्वपूर्ण निर्णय की घोषणा की। यह निर्णय मुंबई नगर निगम को आज म्हाडा मुख्यालय में आयोजित बैठक में दिया गया।

### सड़कें सार्वजनिक लाभ के लिए आरक्षित



मुंबई में म्हाडा की कुल 114 शाखाएँ हैं। इस परियोजना में कुछ भूमि बृहन्मुंबई नगर निगम की विकास योजना में सार्वजनिक सड़कों के लिए आरक्षित है। चूंकि यह सड़कों का उद्देश्य सार्वजनिक लाभ है, इसलिए म्हाडा शासनादेश के तहत विकास योजना में आरक्षित सभी भूमि को नगरपालिका के संबंधित विभाग को उसकी 'जैसी है' स्थिति में हस्तांतरित किया जाएगा। इस निर्णय से नगर पालिका को शहर के विकास के अनुरूप सड़कों के निर्माण और सुधार में मदद मिलेगी।

### निर्णय से सड़कों के रखरखाव में सुधार

संजीव जायसवाल ने इस फैसले के साथ ही संबंधित अधिशासी अभियंता और संपत्ति प्रबंधक को आदेश दिया कि वे बिना अतिक्रमण या अतिचार के निर्माण कार्य पूरा करें। यह कदम कॉलोनियों में सड़कों के रखरखाव, मरम्मत और प्रबंधन की जिम्मेदारी को अधिक प्रभावी ढंग से निभाने में मदद करेगा। साथ ही, इससे कॉलोनियों के निवासियों को सड़क विकास प्रक्रिया में तेजी की उम्मीद हो सकती है, क्योंकि इससे संबंधित विकास कार्यों को रुकने से बचाया जा सकेगा।

**विकास कार्यों में गति**

मुंबई में वर्तमान में पुनर्विकास और विभिन्न विकास परियोजनाएं तेजी से चल रही हैं, लेकिन शहर की विकास योजना में शामिल कॉलोनियों में सड़कों के स्थानांतरण के लंबित रहने के कारण कई विकास कार्यों में रुकावट आ रही थी। इस संबंध में कई बैठकें भी आयोजित की गई थीं, जिससे अब इस समस्या का समाधान होने की संभावना है।

# सेंचुरी मिल भूमि विवाद पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला

### बीएमसी के पक्ष में निर्णय

डीबीडी संवाददाता | मुंबई/नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने 7 जनवरी, 2025 को बृहन्मुंबई नगर निगम (BMC) के पक्ष में फैसला सुनाया, जिसमें बॉम्बे हाईकोर्ट के 2022 के फैसले को पलट दिया गया था। हाईकोर्ट ने बीएमसी को मुंबई के वर्ली में स्थित पांच एकड़ के भूखंड का स्वामित्व सेंचुरी टेक्सटाइल्स एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड (अब आदित्य बिड़ला रियल एस्टेट लिमिटेड के रूप में जानी जाती है) को हस्तांतरित करने का निर्देश दिया था।




### भूमि विवाद का इतिहास:

यह विवाद सिटी ऑफ बॉम्बे इम्प्रूवमेंट एक्ट, 1898 के तहत सेंचुरी टेक्सटाइल्स को पट्टे पर दी गई भूमि के इर्द-गिर्द घूमता है। यह योजना मूल रूप से श्रमिक वर्ग के लिए आवास प्रदान करने के उद्देश्य से थी, और पट्टे के समझौते के तहत सेंचुरी टेक्सटाइल्स को श्रमिकों के लिए आवासीय निर्माण करना आवश्यक था। 1925 तक कंपनी ने 476 आवास और 10 दुकानें बना लीं, जिससे उसने अपनी जिम्मेदारी निभाई। हालांकि, पट्टे की अवधि 1955 में समाप्त हो गई और इसके बाद से सेंचुरी टेक्सटाइल्स ने भूमि के हस्तांतरण का प्रयास नहीं किया। 2006 में कंपनी ने भूमि का स्वामित्व प्राप्त करने के लिए कानूनी नोटिस भेजा था।

**सुप्रीम कोर्ट का फैसला:** सुप्रीम कोर्ट ने सेंचुरी टेक्सटाइल्स की याचिका को खारिज करते हुए कहा कि बीएमसी को भूमि का स्वामित्व हस्तांतरित करने के लिए कानूनी रूप से बाध्य नहीं किया जा सकता। न्यायालय ने यह भी कहा कि लीज समाप्त होने के 6 दशक से अधिक समय बाद दायर की गई याचिका ٍगंभीर विलंब और लापरवाही٤ से ग्रस्त है, जिससे यह अस्वीकार्य हो गई। फैसले में यह भी कहा गया कि भूमि का वाणिज्यिक उद्देश्यों के लिए दोहन का प्रयास, इस योजना की भावना का उल्लंघन है, जिसका उद्देश्य आवास की कमी को दूर करना और जरूरतमंद समुदायों के जीवन स्तर को सुधारना था। अदालत ने कंपनी के प्रयासों को निंदा करते हुए इसे लाभकारी कानून का दुरुपयोग बताया।

# राशिफल

प्रियंका जैन




**मेष** परिवार में किसी को आज वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। राजकीय सहयोग से कार्य पूर्ण होंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से खिन्नता रहेगी। निवेश शुभ रहेगा।



**वृष** प्रसन्नतापूर्वक समय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेशादि शुभ रहेंगे। रोजगार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। भूमि व भवन की खरीद-फरोख्त लाभदायक रहेगी।




**मिथुन** लाभ होगा। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। प्रसन्नता तथा मनोरंजन के साधन उपलब्ध होंगे। कारोबार लाभदायक रहेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। भाइयों से सहयोग मिलेगा। कुसंगति से हानि होगी।



**कर्क** लाभ के अवसर टलेंगे। समय पर बाहर से धन नहीं मिलने से निराशा रहेगी। हल्की हंसी-मजाक करने से बचें। नौकरी में अधिकारी अधिक की अपेक्षा करेंगे। बुरी खबर प्राप्त हो सकती है। मेहनत अधिक होगी।



**सिंह** व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। घर में सुख-शांति रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सभी काम समय पर होने से प्रशंसा प्राप्त होगी।




**कन्या** व्यापार में प्रसन्नतापूर्वक समाचार प्राप्त होंगे। मान बढ़ेगा। किसी नए उपक्रम को प्रारंभ करने पर विचार होगा। लंबी यात्रा की इच्छा रहेगी। व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। पुराने साथियों तथा रिश्तेदारों से मुलाकात सुखद रहेगी।



**तुला** व्यापार की यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी। नए काम मिल सकते हैं। कार्य से संतुष्टि रहेगी। नवीन वस्त्राभूषण पर व्यय होगा। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। प्रसन्नता तथा उत्साह का वातावरण बनेगा।




**वृश्चिक** व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। फालतू खर्च होगा। शत्रुओं से सावधानी आवश्यक है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा।




**धनु** यात्रा मनोनुकूल रहेगी। नए काम हाथ में आएंगे। कारोबारी वृद्धि से प्रसन्नता रहेगी। समय की अनुकूलता का लाभ लें। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। अज्ञात भय रहेगा।



**मकर** योजना फलीभूत होगी। कार्यपद्धति में सुधार होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कारोबार मनोनुकूल लाभ देगा। शेयर मार्केट में जल्दबाजी से बचें। विवेक का प्रयोग करें। भाग्य का साथ मिलेगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी।



**कुंभ** घर में सुख-शांति बनी रहेगी। कारोबार मनोनुकूल चलेगा। मित्रों का सहयोग लाभ में वृद्धि करेगा। लंबित कार्य पूर्ण होंगे। निवेश शुभ रहेगा। प्रसन्नता का वातावरण बनेगा, शुभ समाचार मिलेंगे। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।



**मीन** आज भाईयों को कारोबार से लाभ होगा, लेकिन किसी भी तरह के धन निवेश में जल्दबाजी न करें। आय बनी रहेगी। थकान व कमजोरी रह सकती है। अज्ञात भय रहेगा। अनहोनी की आशंका रहेगी। वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें।

# जानें ज्योतिष में षोडशवर्ग क्या है?

**3.** द्रेष्काण (डी-3) उपयोगः द्रेष्काण कुंडली का अध्ययन मुख्यतः जातक के छोटे भाई-बहन का होना/न होना, उनसे संबंधित सुख-दुःख, जातक का स्वभाव और रुचियों के लिये किया जाता है। तृतीय भाव के अन्य कारक तत्वों के लिये भी इसे देखा जा सकता है। 22 वें द्रेष्काण की गणना जातक की मृत्यु के स्वरूप को जानने के लिये की जाती है। द्रेष्काण के स्वामीः प्रथम द्रेष्काण के स्वामी नारद, द्वितीय के अगस्त्य और तृतीय के दुर्वासा ऋषि। द्रेष्काण स्वामी अपने स्वभावानुसार फल देते हैं।

कुछ मुख्य नियमः - द्रेष्काण कुंडली में जन्मकुंडली के तृतीयेश और कारक मंगल का सुस्थित होना बहन-भाइयों से अच्छे संबंध दर्शाता है। - द्रेष्काण कुंडली का बली लग्न/लग्नेश भाई-बहन का होना सुनिश्चित करता है। - द्रेष्काण

भाग 1.2.3.(डी-1-डी-60') भाग-3






प्रियंका जैन
9769994439

कुंडली के तृतीय/ तृतीयेश का निरीक्षण भी सहोदरों के होने या न होने में भूमिका निभाता है। - द्रेष्काण कुंडली के एकादश/ एकादशेश का निरीक्षण बड़े भाई-बहनों के लिये किया जाता है। द्रेष्काण कुंडली के लग्न पर कोई दुष्प्रभाव नहीं है, अर्थात बली है। लग्नेश शनि, बुध की अधिमित्र राशि में (शुभ), पंचम में (शुभ), षष्ठेश चन्द्र से युत (अशुभ) और गुरु से दृष्ट (शुभ) है। लग्न/लग्नेश की शुभ स्थिति भाई-बहनों का होना सुनिश्चित कर रहा है। तृतीय भाव पर एकादशेश गुरु की और तृतीयेश मंगल की दृष्टि है जो अनेक छोटे भाई-बहन होने की ओर इंगित कर रहा है। एकादश भाव बली है क्योंकि उसमें एकादशेश गुरु स्थित है, लग्नेश शनि, षष्ठेश चन्द्र और तृतीयेश/ दशमेश मंगल की दृष्टि है, कुल मिलाकर भाव/भावेश बली हैं जो बड़े भाई-बहन के होने की तरफ इशारा है। जातक के चार छोटे भाई-बहन और एक बड़ी बहन है।

**4.** चतुर्थांश (डी-4) उपयोगः चतुर्थांश कुंडली का अध्ययन जातक की चल-अचल सम्पत्ति, वाहन, चरित्र, माता-सुख, स्कूली शिक्षा आदि के लिये किया जाता है। मंगल सम्पति का, बुध शिक्षा का, चन्द्र माता का और शुक्र वाहन के कारक हैं। चतुर्थांश के स्वामीः प्रत्येक भाग के क्रमशः स्वामी हैं: सनक (अपने अनुसार चलना जैसे एक पागल/ सनकी व्यक्ति), सानन्द (सफलता या असफलता खुशी-खुशी स्वीकार करने वाला), सनत (हिम्मत न हारने वाला) और सनातन (हर परिस्थिति में प्रसन्न)। कुछ मुख्य नियमः

## खबर संक्षेप

### राज्यपाल बनने के बाद आरिफ मोहम्मद खान का एक्शन



**पटना।** बिहार में चार विश्वविद्यालयों में नए कुलपतियों की नियुक्ति की गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से परामर्श करने के बाद राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने यह बदलाव किया है। जिन विश्वविद्यालयों के कुलपति बदले गए हैं, उनमें मुंगेर विश्वविद्यालय, पूर्णिया विश्वविद्यालय, नालंदा खुला विश्वविद्यालय, और बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय शामिल हैं। जारी आदेश के अनुसार, प्रो. संजय कुमार को मुंगेर विश्वविद्यालय, प्रो. विवेकानंद सिंह को पूर्णिया विश्वविद्यालय, प्रो. रविंद्र कुमार को नालंदा खुला विश्वविद्यालय, और डॉ. इंद्रजीत सिंह को बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया गया है। यह आरिफ मोहम्मद खान के राज्यपाल बनने के बाद पहला बड़ा निर्णय है।

### शास्त्री नगर में एक साथ तीन घरों में हुई भीषण चोरी



**गया।** गया जिले के शेरघाटी शहर के शेखपुरा के पास स्थित शास्त्री नगर मुहल्ले में चोरों ने पांच घरों को निशाना बनाते हुए चोरी की घटना को अंजाम दिया। इसमें तीन घरों में चोरों ने सफलता पाई। चोरों ने बुधनी देवी, सुनील चौधरी, और सुरेंद्र पासवान के घरों से लाखों रुपये के आभूषण, कीमती पीतल और फूल के बर्तन के अलावा एक लाख रुपये की नकदी चुरा ली। बुधनी देवी ने संवाददाता को बताया कि 2 मार्च को उनकी बेटी की शादी तय है।

### जानवरों के शिकार पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी

**पलामू।** पलामू व्याघ्र परियोजना के दक्षिणी वन प्रमंडल के तहत, बारेसाढ़, गारू पश्चिमी और महुआडांड़ वन क्षेत्र में जंगली जानवरों के शिकार पर रोक लगाने के लिए वन विभाग ने विशेष छापामारी अभियान शुरू किया है। यह अभियान रेंजर तरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में चलाया जा रहा है, और इसे शिकारियों की बढ़ती गतिविधियों के मद्देनजर गंभीरता से लिया जा रहा है। रेंजर ने बताया कि गारू, बारेसांड़ और महुआडांड़ वन क्षेत्र में शिकारियों की सक्रियता को ध्यान में रखते हुए विशेष टीम का गठन किया गया है, जिसमें वनपाल परमजीत तिवारी, निर्भय कुमार सिंह और वनरक्षक अरुण कुमार समेत एक दर्जन से अधिक वन कर्मी शामिल हैं।




### गायों की मौत पर सीएम योगी सख्त

# 'ठंड से एक भी गाय की मौत न हो'

**एजेंसी । लखनऊ**

बरेली की गौशाला में गायों की ठंड से मौत के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसी भी गौवंश की मृत्यु ठंड के कारण न हो। उन्होंने सभी गौ आश्रय स्थलों पर पर्याप्त त्रिपाल, अलाव, चारा, पानी और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था करने को कहा है।

#### पशु चिकित्सा और देखभाल सुनिश्चित करने के निर्देश

योगी सरकार ने पशु चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे नियमित रूप से गौ आश्रय स्थलों का दौरा करें। वहां गौवंश के उत्तम स्वास्थ्य, चिकित्सा, औषधि और देखभाल सुनिश्चित की जाए। हर गौ आश्रय स्थल पर कार्यरत केयरटेकर को रात में रुककर गौवंश की देखभाल सुनिश्चित करने को कहा गया है।

#### नोडल अधिकारियों की जिम्मेदारी

जनपद स्तर पर नोडल अधिकारियों को गौ आश्रय स्थलों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्हें सुनिश्चित करना होगा कि चारा, भूसा, पानी, प्रकाश आदि की कोई कमी न हो। साथ ही, गौ संरक्षण केंद्रों की स्थापना का कार्य प्राथमिकता पर शीघ्र पूरा करने का आदेश दिया गया है।



#### अवैध कब्जे हटाने और चारागाह सुधार

सरकार ने ग्राम्य विकास विभाग और सहयोगी विभागों को समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया है। चारागाह भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराने और मनरेगा के माध्यम से बहुवर्षीय व सीजनल चारे की बुआई सुनिश्चित करने के प्रयास किए जाएंगे।

#### ठंड से बचाव के उपाय

योगी सरकार ने गौवंश को ठंड से बचाने के लिए तिरपाल, अलाव और अन्य आवश्यक उपायों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया है। ठंड से बचाव के लिए सभी व्यवस्थाओं को प्रभावी और संवेदनशीलता के साथ लागू करने के निर्देश दिए गए हैं।

#### अवस्थापना कार्यों की समयसीमा

सरकार ने 25 फरवरी 2025 तक सभी अवस्थापना कार्यों को पूरा करने का निर्देश दिया है। कार्यदायी संस्थाओं को मानक और लेआउट के अनुसार उच्च गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य करने को कहा गया है। इनमें गौवंश शेड, पानी पीने की सुविधाएं, चारे का स्थान और खडंजा जैसी संरचनाओं का व्यवस्थित निर्माण शामिल है।

#### गौ आश्रय स्थलों की वर्तमान स्थिति

वर्तमान में उत्तर प्रदेश में 7,696 गौ आश्रय स्थलों पर 12,35,700 निराश्रित गौवंश का संरक्षण किया जा रहा है। सरकार की मंशा इन आश्रय स्थलों की गुणवत्ता और व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करने की है। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया है कि ठंड से बचाव के लिए तिरपाल, अलाव और अन्य आवश्यक उपायों को प्राथमिकता दी जाए। योगी सरकार ने इस बात पर जोर दिया है कि सभी स्तरों पर इस कार्य को पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ किया जाए।

# सरकार ने संभल में 1978 में हुए दंगों पर मांगी रिपोर्ट

**एक सप्ताह की डेडलाइन भी तय**

**एजेंसी । लखनऊ**

यूपी की योगी सरकार ने संभल में करीब 46 साल पहले हुए दंगे से जुड़ी रिपोर्ट मांगी है। संभल में 29 मार्च 1978 को भड़का दंगा कई दिनों तक चली था। इसमें कई लोगों की मौत हुई थी और कई घायल हुए थे। इसमें 169 मामले दर्ज किए गए थे। हालात इतने गंभीर थे कि शहर में दो महीने के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया था। आधिकारिक तौर पर दगे में 24 लोगों की मौत बताई गई थी। हालांकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले महीने कहा था कि संभल में 1978 के दंगों के दौरान 184 लोगों को सामूहिक रूप से जिंदा जला दिया गया था और कई लोग बेघर हो गए थे।



#### पुलिस और प्रशासन की प्रतिक्रिया

बिश्नोई के अनुसार विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) श्रीश चंद्र शर्मा ने 17 दिसंबर को एक पत्र प्रस्तुत किया था। उनके अनुसार, नियम 115 के तहत दिए गए इस पत्र में 1978 के दंगों के बारे में विस्तृत जानकारी देने का अनुरोध किया गया था। इसके बाद सरकार ने मामले पर जानकारी मांगी थी। एक अन्य पुलिस अधिकारी ने कहा कि संभल पुलिस को गृह मामलों के उप सचिव और पुलिस अधीक्षक (मानवाधिकार) से इस बारे में एक पत्र मिला है। इसके बाद एसपी संभल ने एडिशनल एसपी श्रीश चंद्र को नामित करते हुए मंगलवार को जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया को भी पत्र लिखकर किया अधिकारी को नामित करने के लिए कहा था ताकि संयुक्त रिपोर्ट बनाकर भेजी जा सके। इसके अलावा बुधवार को मुरादाबाद के मंडलायुक्त आंजनेय सिंह ने भी संभल के जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया इससे जुड़े सभी रिकॉर्ड सौंपने को कहा था। ऐसे में माना जा रहा है कि मामले की गहन जांच और समीक्षा हो सकती है। एक सप्ताह में रिपोर्ट देने की तैयारी हो चुकी है।

#### सरकार ने गृह विभाग से रिपोर्ट मांगी


ताजा रिपोर्ट मांगने के कदम से अटकलें लगाई जाने लगीं कि दंगों की जांच फिर से होने की संभावना है। लेकिन संभल के पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने इसे गलत खबर बताया। उन्होंने कहा कि तब मुरादाबाद का हिस्सा रहे संभल शहर में 1978 में हुए दंगों पर राज्य सरकार ने एक सप्ताह में रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश विधान परिषद सदस्य श्रीचंद्र शर्मा के पत्र के बाद गृह विभाग के दंगों पर आख्या मांगी है।

## बंद कमरे में पड़ा मिला सिपाही का शव

**एजेंसी । अलीगढ़**



बंद कमरे में से फायरिंग की आवाज आई। पुलिस ने सूचना पर पहुंच कर कमरे का गेट तोड़ा। कमरे के अंदर का नजारा देख कर सब दंग रह गए। कमरे में सिपाही का शव पड़ा था। उसी कमरे में एक युवती भी मिली, जो घायल थी। हाथरस सदर कोतवाली के जलेसर रोड पर श्याम नगर में एक सिपाही कुलदीप भाटी का शव किराए के मकान के कमरे में मिला। सिपाही के शव के साथ गंभीर घायल अवस्था में युवती भी मिली। पुलिस ने बंद कमरे के गेट को तोड़कर व कटवाकर शव व घायल युवती को बाहर निकाला। घायल युवती को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पड़ोसियों ने बताया कि घर के अंदर से फायरिंग की आवाज आई थी। सिपाही का शव जमीन पड़ा था।



**जांच में पॉजिटिव पाई गई महिला**

## चीन के वायरस एचएमपीवी ने लखनऊ में दी दस्तक

**एजेंसी । लखनऊ**

लखनऊ में ह्युमन मेटा न्यूमो वायरस (एचएमपीवी) का पहला मामला सामने आया है। 60 वर्षीय महिला, कैंट क्षेत्र की निवासी, जांच में पॉजिटिव पाई गई हैं। महिला को चरक अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां से उन्हें बलरामपुर अस्पताल के आइसोलेशन वार्ड में स्थानांतरित किया गया। आगे की पुष्टि के लिए नमूना केजीएमयू भेजा गया है। एचएमपीवी के अब तक देशभर में 11 मामले सामने आ चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग ने संभावित खतरों को देखते हुए सतर्कता बढ़ा दी है।

## आरजेडी ने की 4 बागी विधायकों पर कार्रवाई की मांग

**एक विधायक बनीं बीजेपी प्रवक्ता**

**पटना।** बिहार में 2024 में महागठबंधन सरकार के गिरने के बाद आरजेडी के चार और कांग्रेस के दो विधायक एनडीए में शामिल हो गए थे। इस मुद्दे पर दल-बदल कानून के तहत कार्रवाई की मांग करते हुए महागठबंधन विधायकों के प्रतिनिधिमंडल ने विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव से मुलाकात की। महागठबंधन का आरोप है कि प्रहलाद यादव, नीलम देवी, चेतन आनंद, संगीत कुमारी, और मुरारी गौतम एनडीए में शामिल हो गए, जिससे दल-बदल कानून लागू कर उनकी सदस्यता रद्द की जानी चाहिए।



#### अब्दुल बारी सिद्दीकी का बयान

आरजेडी विधायक अब्दुल बारी सिद्दीकी ने कहा, "देश में दल-बदल कानून लागू है, जो यह स्पष्ट करता है कि बिना पर्याप्त संख्या के दल-बदल करने पर सदस्यता समाप्त होनी चाहिए। आरजेडी के इन चार विधायकों ने व्यक्तिगत रूप से दल-बदल किया है।

## व्यापार जगत

# तेल कंपनियों को 35,000 करोड़ की एलपीजी सब्सिडी!

**एजेंसी । नई दिल्ली**

वित्त वर्ष 2025-26 के लिए एक फरवरी 2025 को संसद में पेश होने वाले बजट में, सरकार सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों को 35,000 करोड़ रुपये की रसोई गैस (एलपीजी) सब्सिडी दे सकती है। इसमें इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) शामिल हैं। यह सब्सिडी इन कंपनियों द्वारा ईंधन बेचने पर हुए नुकसान की भरपाई के लिए दी जा सकती है।



#### मार्च 2024 से एलपीजी की कीमतों में बदलाव नहीं

तीन प्रमुख तेल कंपनियों ने कच्चे माल की लागत में वृद्धि के बावजूद, मार्च 2024 से घरेलू एलपीजी की कीमत 803 रुपये प्रति 14.2 किलोग्राम सिलेंडर पर बरकरार रखने का निर्णय लिया है। इसके चलते इन कंपनियों को एलपीजी की बिक्री पर नुकसान हुआ है, जिससे चालू वित्त वर्ष (2024-25) की पहली छमाही में उनकी कमाई में कमी आई है।

#### सब्सिडी की संभावना और नुकसान की भरपाई

सूत्रों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष में एलपीजी बिक्री पर कुल 'अंडर-रिकवरी' (नुकसान) का अनुमान 40,500 करोड़ रुपये है। सरकार इसके एवज में 35,000 करोड़ रुपये की सब्सिडी दे सकती है, जिसमें से 10,000 करोड़ रुपये चालू वित्त वर्ष 2024-25 में और शेष 25,000 करोड़ रुपये अगले वित्त वर्ष 2025-26 में देने की संभावना है।

#### कंपनियों को प्रति सिलेंडर 240 रुपए का नुकसान

कंपनियों को हर 14.2 किलोग्राम एलपीजी सिलेंडर पर लगभग 240 रुपये का नुकसान हो रहा है। यह नुकसान मुख्य रूप से सरकार द्वारा नियंत्रित कीमतों के कारण हो रहा है, जो सऊदी सीपी से कम हैं, जबकि घरेलू एलपीजी उत्पादन स्थानीय मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है, और इसके लिए आयात करना पड़ता है।

#### 2021-23 में भी सब्सिडी दी गई थी

पिछले वित्त वर्षों में भी सरकार ने तेल कंपनियों को नुकसान की भरपाई की थी। 2021-22 और 2022-23 में इन कंपनियों को कुल 22,000 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी गई थी, हालांकि यह 28,249 करोड़ रुपये के कुल नुकसान के मुकाबले कम थी। इस साल, आईओसी को 19,550 करोड़ रुपये, एचपीसीएल को 10,570 करोड़ रुपये और बीपीसीएल को 10,400 करोड़ रुपये का नुकसान होने का अनुमान है।

# विदेशी पूंजी निकासी से शेयर बाजार में भारी भगदड़

**सेंसेक्स में 528 अंक की गिरावट**

**एजेंसी । मुंबई**

गुरुवार, 9 जनवरी 2025 को विदेशी पूंजी निकासी के कारण भारतीय शेयर बाजार में भारी गिरावट आई। बंबई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का प्रमुख संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 528.28 अंक यानी 0.68% गिरकर 77,620.21 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 77.75 अंक यानी 0.33% गिरकर 23,611.20 अंक पर पहुंच गया।



#### एशियाई बाजारों का असर

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने बताया कि एशिया के अन्य बाजारों में गिरावट का असर भारतीय बाजार पर भी पड़ा। अमेरिकी बॉन्ड में बिकवाली के कारण निवेशकों में सतर्कता बढ़ी, जिससे भारतीय शेयर बाजार में दबाव बना। इसके अलावा, अमेरिकी 10-वर्षीय ट्रेजरी यील्ड ने अप्रैल 2024 के बाद से उच्चतम स्तर को छुआ, जिससे फेडरल रिजर्व द्वारा कम दरों की उम्मीद कम हो गई। चीन से निराशाजनक मुद्रास्फीति आंकड़े भी बाजार में दबाव डालने का कारण बने, यह संकेत देते हुए कि हालिया प्रोत्साहन उपाय चीन जैसे बड़े उपभोक्ता बाजारों को फिर से मजबूत करने में विफल रहे हैं।

#### प्रमुख शेयरों में गिरावट

बीएसई सेंसेक्स के 30 प्रमुख शेयरों में से 20 शेयर गिरावट में रहे। टाटा स्टील का शेयर 2.07% गिरकर 129.85 रुपये पर बंद हुआ, जबकि नेस्ले इंडिया का शेयर 1.87% बढ़कर 2260.55 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई निफ्टी में भी 40 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए, जबकि 10 शेयरों में वृद्धि देखी गई।

#### एशिया और वैश्विक बाजारों का हाल

एशिया के अन्य प्रमुख बाजारों में भी गिरावट रही। जापान के निक्केई 225, हांगकांग के हैंगसेंग और चीन के शंघाई कंपोजिट में गिरावट दर्ज की गई, जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ। यूरोपीय बाजार बुधवार को बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि अमेरिकी बाजारों में गिरावट आई।

## सरकारी कर्मचारियों की जल्द बढ़ेगी सैलरी

**8वें वेतन आयोग के गठन की उम्मीद**



**नई दिल्ली।** देशभर में 1.2 करोड़ से अधिक केंद्र सरकार के कर्मचारियों और सेवानिवृत्त कर्मचारियों की सैलरी और पेंशन में जल्द ही बढ़ोतरी हो सकती है। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 1 फरवरी को संसद में पेश होने वाले बजट में सरकार 8वें वेतन आयोग के गठन का ऐलान कर सकती है। हाल ही में केंद्रीय कर्मचारियों के लिए 8वें वेतन आयोग की घोषणा की चर्चा जोरों पर है, साथ ही इससे जुड़ी 186% तक वेतन वृद्धि की अटकलें भी सामने आई हैं। यदि इस पर अमल हुआ तो सरकारी कर्मचारियों को भारी फायदा हो सकता है, जो लंबे समय से वेतन वृद्धि की उम्मीद लगाए हुए हैं।

## बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद निवेशकों का बंपर निवेश

**एजेंसी । मुंबई**

पिछले महीने विदेशी निवेशकों की बिकवाली के बावजूद भारतीय शेयर बाजार पर घरेलू निवेशकों का विश्वास बना हुआ है। घरेलू निवेशकों ने म्यूचुअल फंड की इक्विटी योजनाओं में दिसंबर माह में 14 प्रतिशत का उछाल दिखाते हुए 41,156 करोड़ रुपये का निवेश किया। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के अनुसार, म्यूचुअल फंड की स्मॉल और मिड कैप योजनाओं में जोखिम की चिंता के बावजूद निवेशकों की दिलचस्पी बनी रही, और निवेश रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा।



#### एसआईपी निवेश में नया कीर्तिमान

दिसंबर में सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (SIP) के तहत निवेश 26,459 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो नवंबर के 25,320 करोड़ रुपये से ज्यादा था। दिसंबर में कुल 22.50 करोड़ फोलियो थे, जो दर्शाता है कि निवेशकों का लंबी अवधि के निवेश में विश्वास मजबूत बना हुआ है।

#### नए फंड ऑफर (NFO) और म्यूचुअल फंड निवेश

म्यूचुअल फंड कंपनियों ने दिसंबर में 33 नए फंड ऑफर लॉन्च किए, जिनसे 13,643 करोड़ रुपये जुटाए गए। इसमें सेक्टोरल या थीमैटिक फंड्स ने 15,331 करोड़ रुपये के निवेश के साथ निवेशकों को आकर्षित किया। गोल्ड ईटीएफ में लगातार सातवें महीने सुस्ती देखी गई, लेकिन मिडकैप और स्मॉलकैप श्रेणियों में अच्छा निवेश देखने को मिला। निवेशकों ने डेट फंड से भारी निकासी की, जबकि इक्विटी फंड्स में निवेश बढ़ा।

# श्रीलंकाई दौरे के लिए ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम का एलान

## 22 महीने बाद कमान संभालेंगे स्टीव स्मिथ

एजेंसी | पर्थ

इस महीने के आखिर में शुरू हो रहे श्रीलंका दौरे के लिए गुरुवार को ऑस्ट्रेलियाई टीम का एलान हो चुका है। ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी। इसके दोनों मुकाबले गॉल स्टेडियम में खेले जाएंगे। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने श्रीलंकाई परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए तीन विशेषज्ञ स्पिनर को टीम में शामिल किया है। वहीं, नियमित टेस्ट कप्तान पैट कमिंस को आराम दिया गया है। स्टीव स्मिथ इस टीम की कमान संभालेंगे। वह 22 महीने बाद टेस्ट में ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम की कप्तानी करेंगे। पिछली बार उन्होंने टेस्ट में मार्च 2023 में ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी की थी।



### मैकस्वीनी को फिर मिला मौका

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने टीम का एलान करते हुए कुछ बड़े फैसले लिए। नाथन मैकस्वीनी को खराब फॉर्म की वजह से भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट के बाद ड्रॉप किया गया था। हालांकि, ड्रॉप होने के तीन हफ्ते के अंदर उन्हें फिर से टीम में बुलाया गया है। कई नए चेहरों को भी मौका दिया गया है। यह सीरीज ऑस्ट्रेलिया के लिए तैयारी मात्र के लिए है, क्योंकि कंगारू टीम ने भारत के खिलाफ 3-1 से सीरीज जीतकर पहले ही विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बना ली है।

### इस वजह से कप्तान बने स्टीव स्मिथ

स्मिथ को इसलिए कप्तान बनाया गया है क्योंकि कमिंस फिलहाल अपने दूसरे बच्चे के जन्म के लिए छुट्टी पर हैं। ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं ने श्रीलंका में स्पिन ट्रैक का ध्यान रखते हुए इस डिपार्टमेंट को मजबूत किया है। 21 साल के कूपर कोनोली को भी मौका दिया गया है। 16 सदस्यीय टीम में सात विशेषज्ञ और पार्ट टाइम स्पिन गेंदबाज हैं। बाएं हाथ के ऑलराउंडर कोनोली सीमित ओवर के क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। टेस्ट टीम में वह पहली बार शामिल किए गए हैं। इसके अलावा नाथन लियोन के सपोर्ट के तौर पर टॉड मर्फी और मैथ्यू कुहनेमैन को भी मौका दिया गया है।

### बोलैंड और स्टार्क दो विशेषज्ञ तेज गेंदबाज

इसके अलावा तेज गेंदबाजी का जिम्मा स्कॉट बोलैंड, मिचेल स्टार्क संभालेंगे। वहीं, शॉन एबॉट और ब्यू वेबस्टर के रूप में टीम के पास दो पेस बॉलिंग ऑलराउंडर्स हैं। जोश इंगलिस और एलेक्स कैरी के रूप में टीम के पास दो विकेटकीपर्स भी हैं। भारत के खिलाफ अपनी बल्लेबाजी से सुर्खियां बटोरने वाले सैम कोंस्टास को भी मौका मिला है। वहीं, उस्मान ख्वाजा, ट्रेविस हेड, मार्नस लाबुशेन भी इस टीम का हिस्सा हैं। मैकस्वीनी ने भारत के खिलाफ शुरुआती तीन टेस्ट में 14.4 की औसत से 72 रन बनाए थे। हालांकि, मैकस्वीनी की नियमित जगह नंबर तीन है और उन्होंने साउथ ऑस्ट्रेलिया के लिए इस नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए घरेलू टूर्नामेंट में 97 की औसत से रन बनाए थे। यह देखने वाली बात होगी कि ख्वाजा के साथ कोंस्टास उतरते हैं या मैकस्वीनी।

### ऑस्ट्रेलिया के श्रीलंका दौरे का शेड्यूल

ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका के बीच पहला टेस्ट 29 जनवरी से खेला जाएगा। वहीं, दूसरे टेस्ट की शुरुआत छह फरवरी से होगी। दो टेस्ट के बाद दोनों टीमें एकमात्र वनडे भी खेलेंगी। यह मुकाबला 13 फरवरी को खेला जाएगा। इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम चैंपियंस ट्रॉफी में हिस्सा लेने पाकिस्ताना जाएगी, जबकि श्रीलंकाई टीम इस टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकी। श्रीलंकाई टीम पहले ही टेस्ट फाइनल की दौड़ से बाहर हो चुकी है।

### श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम

स्टीव स्मिथ (कप्तान), शॉन एबॉट, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स केरी, कूपर कोनोली, ट्रेविस हेड, जोश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, सैम कोंस्टास, मैट कुहनेमैन, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, नाथन मैकस्वीनी, टॉड मर्फी, मिचेल स्टार्क, ब्यू वेबस्टर।

सीनियर राष्ट्रीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप

# गुजरात, उत्तर प्रदेश की पुरुष टीमें शीर्ष दस में पहुंची

एजेंसी | भावनगर



गुजरात के भावनगर स्थित सिदसर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में चल रही 74वीं सीनियर राष्ट्रीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप में गुजरात और उत्तर प्रदेश की पुरुष और पश्चिम बंगाल व महाराष्ट्र की महिला टीमें लेवल 2 से शीर्ष 10 में पहुंच गई हैं। यह चैंपियनशिप गुजरात बास्केटबॉल एसोसिएशन के सहयोग से भारतीय बास्केटबॉल महासंघ के तत्वावधान में आयोजित की जा रही है। पुरुष वर्ग के क्वालीफाइंग दौर के मैचों में गुजरात ने असम को 78-41 से हराया। गुजरात के लिए सहज कुमार पटेल ने सरवाधिक 25 अंक अर्जित किये, सहज के अलावा नमन ने 17 और कृष्णा ने 15 अंक अर्जित किये, जबकि असम के लिए जय प्रकाश ने 23 और अमित ने 16 अंक बनाए।

### 1 उत्तर प्रदेश ने ओडिशा को 84-59 से हराया

वहीं, उत्तर प्रदेश ने ओडिशा को 84-59 से हराया। उत्तर प्रदेश के लिए रियांशु ने 19, हर्ष डागर ने 14 और सत्यजीत ने 12 अंक हासिल किये, जबकि ओडिशा के लिए अमित और शाहिद ने 19-19 अंक बनाए।

### 2 महाराष्ट्र ने तेलंगाना को 64-49 से हराया

महिला वर्ग में महाराष्ट्र ने तेलंगाना को 64-49 से हराया। महाराष्ट्र के लिए शिरीन लिमाए (16) और अंकिता (14) शीर्ष स्कोरर रहीं। वहीं, तेलंगाना के लिए सुदर्शिनी ने 16 और दुर्गा ने 15 अंक हासिल किये।

### 3 पश्चिम बंगाल ने प्री क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

पश्चिम बंगाल ने पुडुचेरी को 62-49 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। पश्चिम बंगाल के लिए नीमा दोमा (18) और अवनि वर्धन (17) शीर्ष स्कोरर रहीं। वहीं, पांडुचेरी के लिए हारिनी बी ने 19 और वर्षिनी ने 10 अंक हासिल किये।

### बुधवार को खेले गए मैच के परिणाम

बुधवार को पुरुष वर्ग में अंतिम सीटी बजने से तीन सेकंड पहले सहज प्रताप सिंह सेखों के तीन-पॉइंटर की मदद से भारतीय रेलवे ने ग्रुप ए के मैच में पंजाब को (73-72) हराया, जबकि ग्रुप बी के एक अन्य मैच में केरल ने सर्विसेज को (63-52) हराकर चौंका दिया।

लीग राउंड में एक दिन शेष रहते भारतीय रेलवे, तमिलनाडु पुरुष और महिला ने क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है, साथ ही पुरुषों में सर्विसेज, पंजाब, कर्नाटक और पंजाब, दिल्ली, केरल ने क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। दिन के अन्य मैचों में लेवल 1 पुरुष में तमिलनाडु ने राजस्थान को (83-60) हराया और महिला में भारतीय रेलवे ने कर्नाटक को (83-33) हराया, तमिलनाडु ने छत्तीसगढ़ को (72-63) और दिल्ली ने पंजाब को (70-57) हराया। लेवल 2 पुरुष में मेजबान गुजरात ने त्रिपुरा को (76-32) हराकर अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया, पुडुचेरी ने बिहार को (69-55) हराया, ओडिशा ने तेलंगाना को (70-55) हराया, महाराष्ट्र ने जम्मू और कश्मीर को (78-70) हराया, छत्तीसगढ़ ने अंडमान और निकोबार को (56-23) हराया, पश्चिम बंगाल ने हिमाचल प्रदेश को (84-78) हराया, उत्तराखंड ने गोवा को (54-49) हराया और छत्तीसगढ़ ने झारखंड को (67-39) हराया।

# विजय हजारे ट्रॉफी का क्वॉर्टरफाइनल लाइनअप तय



एजेंसी | वडोदरा

विजय हजारे ट्रॉफी के क्वॉर्टर फाइनल मुकाबले अब तय हो गए हैं। 12 जनवरी को पहले क्वॉर्टर फाइनल में गुजरात और हरियाणा का मुकाबला होगा, जबकि उसी दिन दूसरे क्वॉर्टर फाइनल में विदर्भ और राजस्थान की टीमों के बीच टक्कर होगी। दोनों मैच वडोदरा में सुबह 9 बजे से खेले जाएंगे।

### प्री-क्वॉर्टरफाइनल मुकाबलों का हाल

#### राजस्थान vs तमिलनाडू

बुधवार को खेले गए प्री-क्वॉर्टरफाइनल मुकाबले में राजस्थान ने तमिलनाडू को 19 रन से हराया। तमिलनाडू ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया, लेकिन राजस्थान ने 47.3 ओवर में 268 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा। राजस्थान की तरफ से अभिजीत तोमर ने शतक ठोका, उन्होंने 111 रन बनाए, जिसमें 12 चौके और 4 छक्के शामिल थे। तमिलनाडू के लिए नारायण जगदीश ने 65 रन बनाए और विजय शंकर ने 49 रन की पारी खेली।

#### हरियाणा vs बंगाल:


दूसरे प्री-क्वॉर्टरफाइनल में हरियाणा ने बंगाल को 72 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए हरियाणा ने 50 ओवर्स में 298 रन बनाए। इसके जवाब में बंगाल की टीम 226 रन पर ऑल आउट हो गई। पार्थ वत्स को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, जिन्होंने 62 रन की पारी खेली और 3 विकेट भी झटके।

## ट्रांसजेंडर महिलाओं के खेलने पर प्रतिबंध

एजेंसी | लंदन

इंग्लैंड हॉकी ने बुधवार को एक नई नीति की घोषणा की, जिसके तहत अगले सत्र की शुरुआत से ट्रांसजेंडर महिलाओं को महिला वर्ग में प्रतिस्पर्धा करने से रोक दिया जाएगा। ट्रांसजेंडर और नॉन-बाइनरी भागीदारी को ध्यान में रखते हुए, शासी निकाय ने दो प्रतियोगिता श्रेणियां शुरू की हैं: महिला और ओपन, जिसमें ओपन में ट्रांसजेंडर और नॉन-बाइनरी खिलाड़ियों सहित सभी प्रतिभागियों का स्वागत है।

## हंगरी की तैराक 'आयरन लेडी' कैटिंका होस्ज़ु ने की संन्यास की घोषणा



एजेंसी | बुडापेस्ट

'आयरन लेडी' के नाम से मशहूर हंगरी की तैराक कैटिंका होस्ज़ू ने बुधवार को प्रतिस्पर्धी तैराकी से संन्यास की घोषणा की। सोशल मीडिया पर एक भावपूर्ण संदेश में, 35 वर्षीय तैराक ने उन सभी का आभार व्यक्त किया जिन्होंने उनका समर्थन किया और खेल द्वारा प्रदान की गई परिवर्तनकारी यात्रा पर विचार किया। उन्होंने कहा, 'अब, जब मैं अपने करियर पर नज़र डालती हूँ, तो मुझे बहुत संतुष्टि का एहसास होता है। पदक और रिकॉर्ड मूल्यवान हैं, लेकिन जो चीज़ मेरे साथ सबसे ज़्यादा जुड़ी हुई है, वह है तैराकी के प्रति मेरा शाश्वत प्रेम।'

### तीन बार की ओलंपिक चैंपियन

होस्ज़ू की उपलब्धियों की सूची असाधारण है। वह तीन बार की ओलंपिक चैंपियन हैं, जिन्होंने 200 मीटर और 400 मीटर व्यक्तिगत मेडले में स्वर्ण पदक जीता है, साथ ही 2016 रियो ओलंपिक में 100 मीटर बैकस्ट्रोक में भी स्वर्ण पदक जीता है। अपने करियर के दौरान, उन्होंने 97 पदक जीते और 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले विश्व रिकॉर्ड 2:06.12 के साथ पूल से बाहर निकलीं, जिससे खेल की सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में से एक के रूप में उनकी स्थिति मजबूत हुई।

# फॉर्मूला 1 ने बेल्जियम ग्रैंड प्रिक्स के साथ बहु-वर्षीय विस्तार की घोषणा की

▶▶ **स्पा-फ्रैंकोरचैम्प्स 2026, 2027, 2029 और 2031 में करेगा रेस की मेजबानी**

एजेंसी | ब्रुसेल्स

फॉर्मूला 1 ने बेल्जियम ग्रैंड प्रिक्स के साथ बहु-वर्षीय विस्तार पर सहमति व्यक्त की है। इस समझौते के तहत, स्पा-फ्रैंकोरचैम्प्स आने वाले छह वर्षों में चार बार प्रतिष्ठित एफ1 रेस की मेजबानी करेगा। यह विस्तार 2026, 2027, 2029 और 2031 सीज़न को कवर करेगा। 1921 में निर्मित, यह सर्किट फॉर्मूला 1 की पहली चैंपियनशिप (1950) का हिस्सा था और अब तक 57 ग्रैंड प्रिक्स आयोजित कर चुका है। अपने लंबे सीधे रास्तों और चुनौतीपूर्ण कोनों के लिए मशहूर, यह ड्राइवरों और प्रशंसकों दोनों का पसंदीदा रेसट्रैक है।



### प्रशंसकों के बीच बढ़ती लोकप्रियता

2024 में, बेल्जियम ग्रैंड प्रिक्स ने तीन दिनों में 380,000 से अधिक दर्शकों का स्वागत किया। मर्सिडीज के लुईस हैमिल्टन ने उस सीजन में अपनी दूसरी जीत दर्ज की, जो स्पा में उनकी पांचवीं जीत थी।


### भविष्य के लिए योजनाएं

2025 का बेल्जियम ग्रैंड प्रिक्स 25-27 जुलाई के बीच आयोजित होगा, जिसमें एफ1 स्प्रिंट रेस की वापसी होगी। यह रेस वीकेंड को और रोमांचक बनाएगा, जिससे प्रशंसकों को बेहतरीन रेसिंग मनोरंजन मिलेगा। फॉर्मूला 1 के सीईओ स्टेफानो डोमेनिकली ने कहा, 'स्पा-फ्रैंकोरचैम्प्स दुनिया के सबसे बेहतरीन रेसट्रैकों में से एक है और इसने एफ1 में कई ऐतिहासिक क्षण दिए हैं। बेल्जियम में एफ1 का समर्थन और वफादारी काबिले तारीफ है।'

## जोकोविच और सिनेर सेमीफाइनल में हो सकते हैं आमने-सामने

ऑस्ट्रेलियन ओपन

एजेंसी | मेलबर्न



गत चैंपियन यानिक सिनेर और दस बार के ऑस्ट्रेलियन ओपन विजेता नोवाक जोकोविच साल के पहले ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में आमने-सामने हो सकते हैं। दोनों को 12 जनवरी से शुरू होने वाले टेनिस टूर्नामेंट के लिए अलग-अलग हाफ में रखा गया है। सिनेर ने पिछले साल जोकोविच को सेमीफाइनल में हराया था। शीर्ष रैंकिंग वाले सिनेर पहले दौर में निकोलस से खेलेंगे। उनके ड्रॉ में टेलर फ्रिट्ज, बेन शेल्टन और मेदवेदेव भी हैं। फ्रिट्ज का सामना पहले दौर में अमेरिका के जेंसन ब्रूकस्बी से होगा। जोकोविच अपनी शुरुआत अमेरिका के निशेश बसवरेड्डी के खिलाफ करेंगे। कार्लोस अल्काराज से उनकी टक्कर क्वार्टर फाइनल में हो सकती है। महिला वर्ग में इलिना सबालेंका को, स्लोएने स्टीफेंस और मीरा आंद्रीवा के साथ ड्रॉ मिला है। कोको गाफ से सबालेंका की सेमीफाइनल में टक्कर हो सकती है। गाफ को पहले दौर में पूर्व चैंपियन सोफिया केनिन से खेलना है। इगा स्वियातेक और एलेना रिबाकिना ड्रॉ के दूसरे हाफ में हैं।

### नागल की टक्कर माचाक से

भारत के सुमित नागल पहले दौर में चेक गणराज्य के थॉमस माचाक से खेलेंगे। वह एटीपी रैंकिंग में 96वें स्थान पर हैं। उन्होंने शीर्ष 104 खिलाड़ियों में होने की वजह से सत्र के पहले ग्रैंड स्लैम के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई है। वह डेविस कप में खेलने से इनकार के कारण हाल ही में चर्चा में रहे थे।

# निधि अग्रवाल को मिली जान से मारने की धमकी



अभिनेत्री निधि अग्रवाल ने हैदराबाद में साइबर क्राइम पुलिस से शिकायत की। उन्होंने बताया कि उन्हें किसी अज्ञात व्यक्ति ने परेशान किया है। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति ने सोशल मीडिया पर उन्हें और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी है। उन्होंने साइबर क्राइम पुलिस को बताया कि परेशान करने वाला अज्ञात व्यक्ति बार-बार उनके इंस्टा अकाउंट को अश्लील मैसेज से टैग कर रहा है।

### साइबर क्राइम पुलिस से की शिकायत

निधि अग्रवाल ने कहा, साइबर क्राइम पुलिस को दी गई अपनी शिकायत में कहा कि ऑनलाइन धमकियों के कारण वह और उनका परिवार भावनात्मक तनाव में हैं। उन्होंने पुलिस से आरोपी की पहचान करने और कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है। वर्कफ्रंट की बात करें तो निधि अग्रवाल इन दिनों दो प्रोजेक्ट में बिजी हैं। ज्योति कृष्णा और कृष जगरलामुदी के निर्देशन में फिल्म हरिहर वीरमल्लू में पवन कल्याण के साथ अभिनय कर रही हैं, जिसकी शूटिंग विजयवाड़ा में हो रही है।

# उद्योगपति सुब्रमण्यम पर फूटा दीपिका पादुकोण का गुस्सा

हिंदी सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने हाल ही में लार्सन एंड टुब्रो (एल एंड टी) के चेयरमैन एसएन सुब्रमण्यम की ओर से कर्मचारियों को हर दिन काम करने के बारे में दिए गए बयान पर चिंता जताई। एक मीटिंग के दौरान एल एंड टी के अध्यक्ष ने यह सुझाव दिया था कि कर्मचारियों को सफलता प्राप्त करने के लिए हफ्ते में सात दिन काम करने के लिए तैयार रहना चाहिए।

दीपिका ने सोशल मीडिया पर इसकी निंदा करते हुए इसे हैरान कर देने वाला बयान करार दिया है। साथ ही, उन्होंने अपनी पोस्ट में कामकाजी जीवन और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने लिखा, 'यह देखना काफी हैरानी भरा है कि इतने वरिष्ठ पदों पर बैठे लोग ऐसे बयान देते हैं।'

### ये है पूरा मामला

गुरुवार को लार्सन एंड टुब्रो के अध्यक्ष ने 90 घंटे के काम के सप्ताह का समर्थन किया था, जिसमें रविवार भी शामिल था। उन्होंने कर्मचारियों से कहा, 'मुझे अफसोस है कि मैं आपको रविवार को काम नहीं करा पा रहा। अगर मैं आपको रविवार को काम करा सकता तो मुझे खुशी होती। आप घर पर बैठकर क्या करते हैं? कितनी देर तक आप अपनी पत्नी को घूर सकते हैं?' यह बयान कर्मचारियों से बातचीत के दौरान दिया गया था।



# छह साल से बंद है कंगना और सोनू की बातचीत

कंगना रनौत और सोनू सूद के बीच साल 2019 में जबर्दस्त विवाद हो गया था। इसके बाद उन्होंने अचानक कंगना की फिल्म मणिकर्णिका: द क्वीन ऑफ झांसी छोड़ दी थी। हाल ही में सोनू ने कहा कि अब वे एक-दूसरे से संपर्क में नहीं हैं। शुभांकर मिश्रा के यूट्यूब चैनल पर एक साक्षात्कार में सोनू ने कंगना के साथ अपने तनावपूर्ण रिश्ते के बारे में खुलकर बात की। सोनू ने साझा किया कि वे अब एक-दूसरे से संपर्क में नहीं हैं।



### कंगना के संपर्क में नहीं हैं सोनू सूद

सोनू ने यह स्पष्ट किया कि उन्होंने कंगना के साथ अपनी दोस्ती के कारण मणिकर्णिका छोड़ी थी। हालांकि अब वे संपर्क में नहीं हैं, लेकिन उन्होंने कहा कि वह कंगना के परिवार के करीब हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उनका सिद्धांत है कि वह उन लोगों से बुरा नहीं बोल सकते, जिनके साथ उनकी दोस्ती है। सोनू ने यह भी कहा कि लोग जो चाहें बोल सकते हैं, लेकिन वह कभी किसी के बारे में नकारात्मक बातें नहीं करना पसंद करते। उन्होंने स्वीकार किया कि उन्हें कभी-कभी दुख होता है, खासकर जब एक अच्छे दोस्त की ओर से कुछ ऐसी बातें कही जाती हैं, जो उन्हें चुभती हैं। सोनू के मुताबिक यह अक्सर लापरवाही की वजह से होती है, न कि बुरे इरादे से। बावजूद इसके, सोनू ने कहा कि उन्हें इस तरह की टिप्पणियों का जवाब न देने का कोई पछतावा नहीं है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### माता-पिता से अपनी पढ़ाई का खर्च वसूल सकती है बेटी: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक दंपति के विवाद को लेकर सुनवाई करते हुए अहम फैसला सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बेटी को अपने माता-पिता से पढ़ाई का खर्च वसूलने का पूरा अधिकार है। माता-पिता को उनके आय के साधनों के भीतर आवश्यक धनराशि प्रदान करने के लिए बाध्य किया जा सकता है।

### कोयला खदान में फंसे श्रमिकों को बचाने की कवायद तेज



**गुवाहाटी।** असम के पास दीमा हसाओ जिले में कोयला खदान में फंसे आठ श्रमिकों को बचाने की कवायद तेज कर दी गई है। राज्य और केंद्र की कई एजेंसियों ने गुरुवार को चौथे दिन भी श्रमिकों को खोजने के लिए बचाव अभियान शुरू किया। रात भर खदान से पानी निकाला गया। इसके बाद सुबह से सेना और अन्य एजेंसियों ने बचाव अभियान शुरू किया। इसके साथ ही रिमोट से चलने वाले वाहन (आरओवी) को खदान के अंदर भेजा गया। इसके साथ ही पानी को तेजी से निकालने के लिए कोल इंडिया ने महाराष्ट्र से उच्च क्षमता का पंप मंगाया है।

### 18वां प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन : पीएम मोदी ने किया उद्घाटन

**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने भारत की वैश्विक भागीदारी के बढ़ते महत्व और देश के भविष्य को आकार देने में प्रवासी समुदाय की भूमिका पर भी बात की। जानकारी के मुताबिक, 10 जनवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कार्यक्रम के समापन सत्र की अध्यक्षता करेंगी। सम्मेलन में भाग लेने के लिए 50 से अधिक देशों से बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासियों ने पंजीकरण कराया है।

### राजधानी में फिर से लागू ग्रैप-3 की पाबंदियां, एक्यूआई 357 के पार

**नई दिल्ली।** राजधानी में गुरुवार को प्रदूषण का स्तर एक बार फिर बढ़ गया। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 357 के पार दर्ज किया गया। स्थिति को देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने गुरुवार को राजधानी में फिर से ग्रेडेड रिस्पोंस एक्शन प्लान के चरण तीन की पाबंदियां लागू करने का फैसला किया है। यह पाबंदियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। इसी के साथ राजधानी में निर्माण और तोड़ फोड़ के कार्यों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

# कांग्रेस में नए सिरे से पनप रहा जी-23 ग्रुप?

## चव्हाण से लेकर कमलनाथ तक असंतुष्ट!

एजेंसी । नई दिल्ली



नई दिल्ली। कांग्रेस, जो लोकसभा चुनाव के बाद से लगातार चुनावी पराजयों का सामना कर रही है, अब आंतरिक असंतोष के नए दौर से गुजर रही है। पार्टी के भीतर तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों सहित कई वरिष्ठ नेताओं की नाराजगी की खबरें सामने आ रही हैं। इससे कयास लगाए जा रहे हैं कि पार्टी में जी-23 जैसे असंतुष्ट नेताओं का गुट फिर से बन सकता है। 2019 के चुनावी हार के बाद, कांग्रेस के 23 नेताओं ने असंतोष जताते हुए जी-23 नामक एक गुट का गठन किया था। यह गुट पार्टी के हाईकमान को कई बार चुनौती दे चुका है। हालांकि, 2022 के अंत में प्रियंका गांधी के हस्तक्षेप से इसे भंग कर दिया गया था।

### पृथ्वीराज चव्हाण का बयान और विवाद

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण, जो जी-23 का हिस्सा रह चुके हैं, ने हाल ही में दिल्ली में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के गठबंधन के पक्ष में बयान दिया। चव्हाण ने कहा, 'दिल्ली में अरविंद केजरीवाल ही चुनाव जीत रहे हैं।' यह बयान ऐसे समय आया है, जब कांग्रेस दिल्ली में मजबूती से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। पार्टी ने वहां अपनी '5 गारंटी' के साथ बड़े नेताओं को मैदान में उतारा है।

### हरियाणा में हुड्डा की नाराजगी

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा, जो पहले जी-23 के सदस्य थे, भी असंतोष जाहिर कर चुके हैं। विधानसभा चुनावों में पार्टी के खराब प्रदर्शन के बावजूद हुड्डा को नेता प्रतिपक्ष का पद नहीं दिया गया। हाल ही में, हुड्डा ने अपनी ताकत दिखाने के लिए दिल्ली आवास पर विधायकों के साथ बैठक भी की।

### आनंद शर्मा की चुप्पी

हिमाचल प्रदेश के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा, जो जी-23 में प्रमुख थे, अब राजनीतिक तौर पर निष्क्रिय नजर आ रहे हैं। शर्मा, जिनका भूपिंदर हुड्डा से करीबी रिश्ता है, ने लोकसभा चुनाव में कांगड़ा सीट से चुनाव लड़ा था, लेकिन हार के बाद से वह हाशिये पर चले गए हैं।

### कमलनाथ की नाराजगी

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, जिन्होंने जी-23 को खत्म करने में अहम भूमिका निभाई थी, अब खुद असंतुष्टि जता रहे हैं। हाल ही में भोपाल में एक बैठक के दौरान कमलनाथ ने कहा कि उन्हें पार्टी के भीतर होने वाली बैठकों की सूचना तक नहीं दी जाती।

### क्या फिर सक्रिय होगा जी-23?

पार्टी के भीतर बढ़ती असंतुष्टि ने सवाल खड़े कर दिए हैं कि क्या कांग्रेस जी-23 जैसे गुट के पुनर्गठन की ओर बढ़ रही है। नेताओं के बयान और आपसी खींचतान कांग्रेस के लिए आगामी चुनावों में चुनौती बन सकते हैं।

# 'आरक्षण से बाहर करना सरकार का काम'

- क्रीमीलेयर पर 'सुप्रीम' टिप्पणी
- याचिका में की गई थी 'क्रीमी लेयर' की पहचान करने के लिए नीति की मांग।

एजेंसी । नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई करते हुए अहम टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि आरक्षण से बाहर करने पर कार्यपालिका और विधायिका को ही फैसला लेना चाहिए। कार्यपालिका और विधायिका को यह तय करना है कि जिन लोगों ने आरक्षण का लाभ उठाया है और दूसरों के साथ प्रतिस्पर्धा करने की स्थिति में हैं, उन्हें आरक्षण से बाहर रखा जाए या नहीं। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने पिछले साल अगस्त में सुप्रीम कोर्ट की 7 जजों की संविधान पीठ के फैसले का हवाला देते हुए याचिका पर टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने आगे कहा कि हमने अपना विचार दिया है कि पिछले 75 सालों को ध्यान में रखते हुए, ऐसे व्यक्ति जो पहले ही लाभ ले चुके हैं और दूसरों के साथ प्रतिस्पर्धा करने की स्थिति में हैं, उन्हें आरक्षण से बाहर रखा जाना चाहिए। हालांकि, ये कार्यपालिका और विधायिका द्वारा लिया जाने वाला फैसला है।

### सांसद हैं ना, वो कानून बना सकते हैं


इस पर पीठ ने कहा कि हम इस पर सुनवाई के इच्छुक नहीं हैं। फिर वकील ने याचिका वापस लेने और इस मामले पर फैसला ले सकने वाले संबंधित प्राधिकारी के सामने अभ्यावेदन दायर करने की अनुमति मांगी तो कोर्ट ने इजाजत दे दी। वकील ने कहा कि राज्य पॉलिसी नहीं बनाएंगे। फिर सुप्रीम कोर्ट को हस्तक्षेप करना पड़ेगा। इस पर कोर्ट ने कहा, सांसद हैं ना, वो कानून बना सकते हैं।

### राज्यों को एक पॉलिसी बनानी चाहिए

बता दें कि संविधान पीठ ने बहुमत से फैसले में कहा था कि राज्यों को अनुसूचित जातियों के अंदर उप-वर्गीकरण करने का संवैधानिक अधिकार है। ताकि उनमें अधिक पिछड़ी जातियों को आगे बढ़ाने के लिए आरक्षण दिया जा सके। इस पीठ का हिस्सा रहे और एक अलग फैसला लिखने वाले जस्टिस गवई ने कहा था कि राज्यों को एससी और एसटी के बीच भी क्रीमी लेयर की पहचान करने और उन्हें आरक्षण का लाभ देने से इनकार करने के लिए एक पॉलिसी बनानी चाहिए। गुरुवार को याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए वकील ने कोर्ट के उस फैसले का हवाला दिया, जिसमें क्रीमी लेयर की पहचान करने के लिए पॉलिसी बनाने के लिए कहा गया था। इस पर जस्टिस गवई ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का विचार है कि उप-वर्गीकरण स्वीकार्य है। याचिकाकर्ता ने कहा कि संविधान पीठ की ओर से राज्यों को पॉलिसी तैयार करने का निर्देश दिए हुए करीब 6 महीने बीत चुके हैं।

## तिरुपति मंदिर भगदड़ मामला

# YSRCP समेत विपक्ष ने की चंद्रबाबू नायडू सरकार की आलोचना



एजेंसी । हैदराबाद

आंध्र प्रदेश के तिरुपति मंदिर में भगदड़ में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि 40 लोग घायल हैं। इस घटना को लेकर विपक्षी नेताओं ने चंद्रबाबू नायडू की सरकार को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। पूर्व टीटीडी अध्यक्ष भूमा करुणाकर रेड्डी ने मंदिर में भगदड़ की घटना को लेकर गठबंधन सरकार की आलोचना की। उन्होंने इसे प्रशासनिक विफलता बताया। इस हादसे में जान गंवाने वालों के प्रति दुख व्यक्त किया। भूमा करुणाकर ने वैकुंठ एकादशी दर्शन के लिए उचित व्यवस्था पर सवाल उठाया।

### श्रद्धालुओं को नजरअंदाज करने का लगाया आरोप

भूमा करुणाकर ने बताया कि विवादास्पद लोगों को टीटीडी का नियंत्रण दिया गया, जिससे यह एक राजनीतिक केंद्र बन गया। टीटीडी नेता ने दावा किया कि सत्तारूढ़ पार्टी ने श्रद्धालुओं को नजरअंदाज किया। उन्होंने भगवान वेंकटेश्वर के मंदिर की पवित्रता के साथ भी समझौता किया। भूमा करुणाकर ने बताया कि पिछले पांच वर्षों में ऐसी घटनाएं नहीं घटी। मौजूदा सरकार को श्रद्धालुओं की सुरक्षा को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया। टीटीडी नेता ने अधिकारियों और तिरुपति एसपी के बीच समन्वय की कमी पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एसपी श्रद्धालुओं पर ध्यान देने की बजाय तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के कार्यकर्ता की तरह काम कर रहे थे।

## कांग्रेस विधायक बालाकृष्णान समेत तीन के खिलाफ केस



एजेंसी । वायनाड

कांग्रेस विधायक आईसी बालाकृष्णन और तीन अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उन पर वायनाड जिले के अपने ही पार्टी सदस्य एनएस विजयन को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप है। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने पुष्टि की कि विजयन और उनके बेटे की मौत के संबंध में एफआईआर में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा जोड़ी गई है। अधिकारी ने यह भी बताया कि बालाकृष्णन, वायनाड डीसीसी अध्यक्ष एन डी अप्पाचन समेत तीन अन्य लोगों को इस मामले में आरोपी भी बनाया गया है। बता दें कि सुसाइड नोट में भी इन तीनों का नाम शामिल था।

# 21 से 29 जनवरी तक आम जनता के लिए बंद रहेगा राष्ट्रपति भवन

एजेंसी । नई दिल्ली



गणतंत्र दिवस परेड और बीटिंग रिट्रीट समारोह के कारण राष्ट्रपति भवन (सर्किट-1) 21 से 29 जनवरी तक आम जनता के लिए बंद रहेगा। सर्किट-1 आने वाले विजिटर्स को राष्ट्रपति भवन के मुख्य भवन का भ्रमण कराता है, जिसमें उन्हें भवन के प्रांगण और प्रमुख कक्ष तथा लंबा ड्राइंग रूम दिखाया जाता है।

### गणतंत्र दिवस परेड और बीटिंग रिट्रीट के चलते लिया गया फैसला

राष्ट्रपति कार्यालय से जारी बयान में कहा गया है कि गणतंत्र दिवस परेड के लिए रिहर्सल के कारण राष्ट्रपति भवन में 11, 18 और 25 जनवरी को गार्ड ऑफ चेंज समारोह भी नहीं होगा। राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में होने वाला गार्ड ऑफ चेंज समारोह एक सैन्य परंपरा है। जिसे हर हफ्ते आयोजित किया जाता है। इस वर्ष गणतंत्र दिवस परेड के लिए लगभग 10,000 विशेष अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। इनमें सरपंच, आपदा राहत कार्यकर्ता, वाटर वॉरियर्स, हथकरघा और हस्तशिल्प कारीगर, मन की बात के प्रतिभागी, माई भारत वॉलेंटियर्स, पूर्वोत्तर राज्यों से आए अतिथि और बेस्ट स्टार्ट-अप शामिल हैं।

# कुलगाम में तीन आतंकी सहयोगी गिरफ्तार



- हथियार और गोला-बारूद बरामद

एजेंसी । कुलगाम

कुलगाम पुलिस ने सेना और सीआरपीएफ के साथ मिलकर तीन आतंकी सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। ये तीनों प्रतिबंधित आतंकी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा और टीआरएफ से जुड़े हुए थे। गिरफ्तार किए गए आतंकी सहयोगियों की पहचान कुलगाम के ठोकरपोरा काइमोह निवासी उबैद खुर्शीद मीर (पुत्र खुर्शीद अहमद मीर), मकसूद अहमद भट (पुत्र मोहम्मद रमजान भट), और उमर बशीर (पुत्र बशीर अहमद डार) के रूप में हुई है। संयुक्त टीम ने इन आरोपियों के पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया, जिसमें 02 एके सीरीज राइफल, 08 एके सीरीज मैगजीन, 217 एके राउंड, 05 हैंड ग्रेनेड, 02 मैगजीन पाउच शामिल हैं।

# जीएसटी का मतलब 'गृहस्थी सत्यानाश टैक्स'



## प्रियंका गांधी का केंद्र सरकार पर हमला

एजेंसी । नई दिल्ली

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने देश में बढ़ती महंगाई और टैक्स प्रणाली को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला किया। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि गरीब और मध्यम वर्ग पर टैक्स का बोझ बढ़ता जा रहा है, जबकि कॉरपोरेट्स को बड़े पैमाने पर राहत दी जा रही है।

### जीएसटी पर तीखी टिप्पणी

प्रियंका गांधी ने कहा, 'आम जनता के लिए जीएसटी का मतलब अब 'गृहस्थी सत्यानाश टैक्स' हो गया है।' उन्होंने दावा किया कि कुल जीएसटी राजस्व का 64% हिस्सा गरीब और मध्यम वर्ग से आता है, जबकि सबसे अमीर 10% आबादी का योगदान सिर्फ 3% है।

### कॉरपोरेट्स को राहत, जनता पर बोझ

उन्होंने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि कॉरपोरेट टैक्स की दर को 30% से घटाकर 22% कर दिया गया, जबकि गरीब और मध्यम वर्ग पर जीवन की बुनियादी जरूरतों और जीवन बीमा जैसी सेवाओं पर भी टैक्स लगाया जा रहा है। प्रियंका ने कहा कि भाजपा सरकार ने कॉरपोरेट्स को लाखों करोड़ का जीवनदान दिया है, लेकिन गरीबों की रोटी-दाल और दैनिक जरूरतों पर भारी वसूली की जा रही है।

### जनता के मुद्दों पर कांग्रेस का जोर

प्रियंका गांधी के इस बयान के बाद कांग्रेस ने एक बार फिर महंगाई और टैक्सेशन के मुद्दे को केंद्र में रखते हुए सरकार की नीतियों पर सवाल खड़े किए हैं। पार्टी इसे 2024 के चुनाव में एक बड़ा मुद्दा बनाने की तैयारी में है।

# मुंगेली स्टील प्लांट की चिमनी गिरी

### करीब 8 लोग दबे, 4 की मौत की आशंका



एजेंसी । नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ के मुंगेली जिले में कुसुम पावर प्लांट में गुरुवार को बड़ा हादसा हो गया। रामबोर्ड गांव में स्थित प्लांट में चिमनी गिरने से 7 से 8 लोग दब गए, जिनमें से अब तक 4 लोगों के मरने की खबर है। मामला सरगांव थाना इलाके का है।

## खगोलीय घटना

# शुक्र का सूर्य से अधिकतम कोणीय सेपरेशन शुक्रवार को

एजेंसी । भोपाल



खगोल विज्ञान प्रेमियों के लिए अगले दो सप्ताह बेहद खास होने जा रहे हैं, क्योंकि शुक्र ग्रह (वीनस) 10 जनवरी को सूर्य से अपना अधिकतम कोणीय सेपरेशन दिखाएगा। इसे 'ग्रेटेस्ट इलोंगेशन ईस्ट' कहा जाता है, और यह आकाश में शुक्र को देखने का बेहतरीन अवसर प्रदान करेगा। इस दिन, शुक्र का क्षितिज से कोण 43 डिग्री होगा।

नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने गुरुवार को इस खगोलीय घटना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शुक्र का यह कोण 23 जनवरी तक बढ़ता जाएगा और उस दिन यह 44 डिग्री तक पहुंच जाएगा। इस दौरान, शुक्र आकाश में अपनी अधिकतम चमक और ऊंचाई के साथ दिखाई देगा, जिसे 'हाईएस्ट एल्टीट्यूड इन दी इवनिंग स्काई' कहा जाता है।

सारिका घारू ने यह भी बताया कि शुक्र कभी भी आकाश में अपने उच्चतम बिंदु तक नहीं पहुंचता है, क्योंकि यह पृथ्वी की कक्षा के अंदर है। इसके कारण, यह सूर्यास्त के बाद लगभग चार घंटे तक ही दिखाई देता है और फिर क्षितिज की ओर लौट जाता है। सूर्य और चंद्रमा के बाद तीसरा सबसे चमकीला ग्रह, शुक्र, शाम के पश्चिमी आकाश में अपनी अधिकतम चमक और ऊंचाई पर देखा जा सकता है।

# मालगाड़ी के चार डिब्बे पटरी से उतरे


- हादसे में कोई जनहानि नहीं



एजेंसी । सवाई माधोपुर

सवाई माधोपुर जंक्शन के पास गुरुवार को एक मालगाड़ी के चार डिब्बे अचानक पटरी से उतर गए, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान घटनास्थल पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। घटना के बाद विभागीय जांच के निर्देश दिए गए हैं। रेलवे से प्राप्त जानकारी के अनुसार, मालगाड़ी गुरुवार शाम को कोटा से दिल्ली जा रही इस मालगाड़ी के सभी रैक कोयले से भरे हुए थे। सवाई माधोपुर रेलवे स्टेशन से गुजरते समय यार्ड के पास पटरी बदलते हुए मालगाड़ी के चार डिब्बे एक के बाद एक पटरी से नीचे उतर गए। हादसे की सूचना पर रेलवे विभाग, जीआरपी और आरपीएफ के अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे और घटना का निरीक्षण किया।

# ट्राई की सख्ती से स्पैम कॉल में 29% की आई कमी



एजेंसी । नई दिल्ली

साइबर अपराध और स्पैम कॉल्स को रोकने के लिए दूरसंचार कंपनियों द्वारा उठाए गए कदमों के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (TRAI) ने हाल ही में बताया कि स्पैम कॉल्स के खिलाफ की गई सख्त कार्रवाई के कारण ग्राहकों की तरफ से आने वाली शिकायतों में 29 फीसदी की कमी आई है।

### स्पैम कॉल्स में कमी

बीते वर्ष अगस्त में स्पैम कॉल्स के कारण 2.05 लाख से अधिक शिकायतें आई थीं, जो अब घटकर 1.44 लाख रह गई हैं। ट्राई के आदेश के बाद दूरसंचार कंपनियां अब कॉल आने से पहले स्क्रीन पर उपभोक्ताओं को अलर्ट कर रही हैं, जिससे ग्राहकों को पता चल जाता है कि कॉल स्पैम है या नहीं। इसके अलावा, स्पैम कॉल्स को ब्लॉक करने की प्रक्रिया को भी तेज किया गया है।

### टेलीमार्केटिंग कंपनियों पर नियंत्रण

टेलीमार्केटिंग से जुड़ी कंपनियों पर भी कड़ी कार्रवाई की गई है। ट्राई ने अप्रैल में निर्देश जारी किए थे कि जो कंपनियां टेलीमार्केटिंग कॉल्स या संदेश भेजेंगी, उन्हें पंजीकरण कराना होगा। इसके अलावा, किसी भी पंजीकरण रहित संदेश या कॉल को तत्काल ब्लॉक किया जाएगा। नवंबर से वाणिज्यक संदेशों की ट्रेसेबिलिटी को अनिवार्य कर दिया गया, जिससे उन संदेशों और कॉल्स को ब्लॉक किया गया, जिनका चैनल पंजीकृत नहीं था।